रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED No. D-(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 42] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 16, 1976 (आश्विन 24, 1898)

No. 42] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 16, 1976 (ASVINA 24, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिसमें कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग III—खण्ड 4

PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies

भारतीय स्टेट बैंक

कार्यालय प्रबन्धक विभाग

सूचना

नई दिल्ली-110001, दिनांक 23 सितम्बर 1976

आ० एम० डी० सं० 7664—श्री एम० डी० दलाल, (आई० बी० आई०) के स्थान पर श्री के० एस० टी० पानी (आई० बी० आई०) ने 23 अगस्त, 1976 (कार्य प्रारम्भ) से महाप्रबन्धक (योजना) का कार्यभार संभाला ।

श्री एस० रंगाचारी (आई० बी० आई०) के स्थान पर 1 सितम्बर, 1976 से श्री जी० एस० श्रीवास्तव (आई० बी० आई०) ने महाप्रबन्धक (परिचालन) का कार्यभार संभाला।

आर० पी० गोयल
मुख्य महाप्रबन्धक

भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार, संस्थान

नई दिल्ली-1, दिनांक 23 सितम्बर, 1976

सं० 4 सी०ए०(1)/18/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतत्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1. 9080	श्री प्रादयोती नारायण घोरा नारायण I, फ्लौर, कुमारपुर, पी० ओ० आसनसोल, जि० बुरदान (वेस्ट बंगाल)	20-7-76

दिनांक 24 सितम्बर 1976

सं० 8 सी० ए०(1)/10/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतत्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों

को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नाम के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्र० सं० सं०	नाम व पता	तिथि
1. 14577	श्री गौतम कुमार पाल ए० सी०ए०, 24-सी, श्रीनाथ मुकरजी लेन, कलकत्ता-7000 30	1-7-76
2. 14711	श्री कन्हैयालाल, मोहनलाल शाह, ए० सी० ए० मार्फत/के० एम० शाह, II फ्लौर, प्रभु निवास, किजाडा बाडा, बास, मिथाकली, अहमदाबाद-380006	1-4-76
3. 16946	श्री भरतकुमार बंसीलाल, पचीगर, ए० सी० ए० 9/670, बाडी कालीया, सिद्धमाता स्ट्रीट, सूरत-395001	1-7-76

दिनांक 20 सितम्बर, 1976

सं० 5 सी० ए० (1)/20/76-77—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 4 सी० ए० (1)/18/75/76, दिनांक 26-2-76 (2) 4 सी० ए० (1)/6/70-71, दिनांक 25-7-70 (3) 4 सी० ए० (1)/20/75-76, दिनांक 23-3-76 के सन्दर्भ में चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान, परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः स्थापित कर दिया है :-

क्र० सं० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1. 3429	श्री श्रीजनन रखित, एफ०सी०ए०, 54, चितरंजन एवेन्यू, कलकत्ता-12	10-9-76
2. 5303	श्री कल्याण कुमार साहा, ए०सी०ए०, 768/ए, ब्लाक पी, न्यू अलिपोर, कलकत्ता-53	30-8-76
3. 10072	श्री योगन्द्र नाथ भारगवा, ए०सी०ए०, जे-46, कृष्णा मार्ग, सोस्कीम, जयपुर	9-9-76
4. 13420	श्री संतानु राय, ए० सी० ए०, दी इन्डियन ट्यूब क० लि० 43, चौरीन्धी रोड, कलकत्ता-71	15-9-76
5. 5628	श्री मिहिर रे, ए० सी० ए०, 3, मर्लिन पार्क, कलकत्ता-700019	7-9-76

दिनांक 31 जुलाई 1976

सं० 4 एस० सी० ए० (1)/5/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1. 2966	श्री टी० एन० मानकावीलू, गरूदायर बिल्डिंग, 640, एंम्यू रोड, बेंगलूर-560 002	11-7-76
2. 3023	श्री डी० वी० रत्नाशासतरी, रत्नम एण्ड को०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, जामबाग रोड, हैदराबाद,	11-6-76
3. 8056	श्री एस० रामामूर्थम्, 6 नारटन II, लेन, राजा अन्नामालापुरम्, मद्रास-600028	30-6-76

दिनांक 24 सितम्बर 1976

सं० 4 सी० ए० (1)/19/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (ख) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से श्री गजनन त्रीमबक लाल मामतोरा 15, पंडीतया रामबाई, रोड, चन्द्रा भवन, सेकन्ड फ्लौर, बम्बई (स० सं० 13032) का नाम 1-7-1976 से अपनी प्रार्थना पर हटा दिया गया है ।

दिनांक 31 अगस्त 1976

सं० 4 एस० सी० ए० (1)/6/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरप्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से

मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	240	श्री के० राजाराम, राजाराम एण्ड को०, किंग कोटी रोड, हैदराबाद-500001	3-8-76
2.	1631	श्री एस० वेनकटारामन, 9-1-97, टाटाचारी कम्पाउन्ड्स, सिकन्दराबाद-25	22-10-75
3.	3905	श्री एन० सदासीवन, जाबातन हिसल दालाम निगरी, पिनांग (मालासीया)	15-2-76

दिनांक 15 सितम्बर, 1976

सं० 8 सी० ए० (1)/9/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतद द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नाम के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	1112	श्री ज० बी० शाह, एफ० सी०ए०, 507, विमल, 91, बानगंगा, बम्बई-6	1-4-76
2.	1924	श्री एम० एन० बाग, ए०सी०ए०, 76, राधाकृष्ण निवास, II. फ्लोर, दादर, बम्बई-400014	1-7-76
3.	18210	श्री एन० मोहनाकृष्णन,ए०सी०ए०, ग्रुप एकाउन्ट्स आफीसर, आफिस आफ सब ऐरिया मैनेजर, गूगमा सब-ऐरिया, ईस्ट्रन कोल फिल्ड लिटेड, पी० ओ० सारसपाहरी, बाया थिरखाना, (ईस्ट) धनबाद	31-3-76

सं० 4 सी० ए० (1)/17/76-77—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से निम्नलिखित सदस्यों का नाम सदस्यों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रत्येक के आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	1020	श्री एस० के० गंगोपाध्याय, 1-बी, ओल्ड पोस्ट आफिस,स्ट्रीट, I फलोर, कलकत्ता-1	28-3-76
2.	8194	श्री के० ए० आइर०, के० एस० आइर० एण्ड को०, 49, अपालो स्ट्रीट, बम्बई-1	23-7-76
3.	15658	श्री एम० के० जैन, एकाउन्ट्स आफिसर, जिवन फरटीलाइजर ऐरिया, कोटा	11-5-76

पी० एस० गोपालाकृष्णन, सचिव

संचार मंत्रालय

(डाक-तार बोर्ड)

नई दिल्ली-1, दिनांक 28 सितम्बर 1976

सूचनायें

सं० 25/105/76-एल० आई०—फ० सा० के० जी० सिंह, की क्रमांक ए-4109, दिनांक 25-8-69 की 4000/- रुपये की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है । उप निदेशक, डाक जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिये गये हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

सं० 25/107/76-एल० आई०—श्री ऐ० मूकान की क्रमांक 155340-पी, दिनांक 1-8-69 की 2000/- रुपये की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उप निदेशक, डाक जीवन-बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिये गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

आर० एन० डे
निदेशक (डाक जीवन बीमा)

एयर-इण्डिया

एयर-इण्डिया कर्मचारी आवास विनियम 1967

दिनांक 13 सितम्बर, 1976

सं० जी० एम०/58-5—एयर कार्पोरेशन्स एक्ट, 1953 (1953 का 27 वां) के सेक्शन 45(i) में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए एयर-इंडिया कर्मचारी आवास विनियम, 1967 में, एयर-इंडिया, अगला संशोधन करता है, जो निम्न-लिखित है, जैसे :—

1. (1) ये विनियम एयर-इंडिया कर्मचारी आवास (संशोधन) विनियम, 1976 कहे जा सकते हैं।

(ii) वे इस अधिसूचना की तारीख से लागू होंगे।

2. एयर-इंडिया कर्मचारी आवास विनियम 1967 में विनियम 5 के उप विनियम (2) की जगह निम्नलिखित उप-विनियम बदल कर रखा जाएगा, जैसे :—

"किसी भी ऐसे कर्मचारी को ऋण नहीं दिया जाएगा जोकि निगम की नौकरी में स्थायी न हो चुका हो।"

बी० जे० सुकथनकर
सचिव

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

बम्बई, दिनांक 28 सितम्बर, 1976

सं० जी० एस० आर०. —कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 32(2) के अनुसरण में 30 जून, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम के कामकाज के बारे में बोर्ड की रिपोर्ट और 30 जून 1976 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

कृपुविनिगम एक दृष्टि में

लाख रुपये

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1974	1975	1976		1974	1975	1976
चुकता शेयर पूंजी और आरक्षित राशियां	1650	2272	2940	निम्नलिखित को प्रदान किया गया पुनर्वित्त (बकाया)			
भारत सरकार से लिए गए उधार (जिसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आई-डीए)/अंतर्राष्ट्रीय पुन-: निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) की सहायता का अंश)	16350 (8386)	19662 (11698)	25009 (17045)	राज्य भूमि विकास बैंक (जिनमें से अभिसंघ परियोजनाओं के अधीन)	27151 (11984)	34382 (16756)	42582 (24829)
भारतीय रिजर्व बैंक से लिए गए उधार दीर्घ-कालीन प्रवर्तन निधि	5400	8820	13840	अनुसूचित वाणिज्य बैंक (जिनमें से अभिसंघ/अंपुवि बैंक परि-योजनाओं के अधीन प्राप्त)	2708 (433)	5150 (1388)	11195 (5353)
अल्पकालीन खुले बाजार से लिए गये उधार	1160 6621	450 9921	170 13771	राज्य सहकारी बैंक (जिनमें से अभिसंघ परियोजनाओं के अधीन प्राप्त)	1115 —	1154 —	1157 (7)

विकास का इतिहास

लाख रुपये

जून के अंत की स्थिति	1969	1970	1971	1972	1973	1974	1975	1976
शेयर पूंजी और आरक्षित राशियां	500	509	523	1044	1082	1650	2272	2940
विशेष जमा राशियां	61	74	87	99	117	141	179	230
राजकीय सहायता के ऋण	14	14	14	14	14	—	—	—
उधार :								
(1) भारत सरकार से—	2575	4475	6675	7713	12485	16350	19662	25009
(2) भारतीय रिजर्व बैंक से	—	—	752	839	3820	6560	9270	14010
(i) अल्पावधि	—	—	752	339	370	1160	450	170
(ii) दीर्घावधि	—	—	—	500	3450	5400	8820	13840
(3) खुले बाजार से—	—	1094	1946	2771	3871	6621	9921	13771
दिया गया पुनर्वित्त (शुद्ध)	3040	5889	8893	12341	21614	30974	40686	54939
(i) डिबेंचर	2785	5460	8124	10964	19560	27151	34382	42582
(ii) ऋण	255	429	769	1377	2054	3823	6304	12357
अन्य आस्तियां	122	159	258	360	632	929	1417	2017
निवेश और नगदी आरक्षित राशियां	52	250	1003	2	4	8	26	37
सकल आय	110	273	427	606	924	1553	2214	2991
कर पूर्व लाभ	48	67	69	109	171	309	442	585
देय कर	26	37	34	58	89	160	231	309
करोत्तर लाभ	22	30	35	51	81	149	211	276
अदा किया गया लाभांश	21	21	21	31	44	66	89	109

सारणी 1
पुनर्वित्त का प्रयोजनवार वितरण

लाख रुपये

प्रयोजन	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में		
		1969-70	1970-71	1971-72
लघु सिंचाई	1283 (42.1)	2233 (78.1)	2306 (75.3)	2674 (76.4)
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण	1388 (45.5)	332 (11.6)	437 (14.3)	237 (6.8)
कृषि मशीनीकरण	14 (0.5)	16 (0.6)	11 (0.4)	36 (1.0)
बागान/बागवानी	207 (6.7)	150 (5.2)	199 (6.5)	205 (5.9)
मुर्गीपालन और भेड़ पालन	1 (0.1)	6 (0.2)	— (—)	— (—)
मछलीपालन	56 (1.3)	36 (1.3)	37 (1.2)	59 (1.7)
डेरी विकास	— (—)	— (—)	— (—)	39 (1.1)
भण्डार और बाजार केन्द्र (मार्केट-यार्ड)	100 (3.3)	87 (3.0)	72 (2.3)	248 (7.1)
कृषि विमानन तथा अन्य	— (—)	— (—)	— (—)	— (—)
जोड़	3047 (100.0)	2860 (100.0)	3062 (100.0)	3498 (100.0)

सारणी 2
पुनर्वित्त का एजेंसीवार वितरण

लाख रुपये

एजेंसी	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में		
		1969-70	1970-71	1971-72
राज्य भूमि विकास बैंक	2785 (91.4)	2675 (93.5)	2665 (87.0)	2839 (81.2)
जिसमें अंविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	537
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	106 (3.5)	56 (2.0)	278 (9.1)	326 (9.3)
जिसमें अंपुवि बैंक की सहायता का अंश	—	—	111	8
जिसमें अंविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	—
राज्य सहकारी बैंक	156 (5.1)	129 (4.5)	119 (3.9)	333 (9.5)
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	—
कुल जोड़	3047 (100.0)	2860 (100.0)	3062 (100.0)	3498 (100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल आंकड़ों का प्रतिशत है ।

सारणी 1—(जारी)
पुनर्वित्त का प्रयोजनवार वितरण

लाख रुपये

प्रयोजन	निम्नलिखित वर्षों में				30 जून 1976 को
	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	
लघु सिंचाई	8414	8530	8378	10818	44602
	(89.4)	(87.1)	(78.7)	(63.2)	(75.2)
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण	230	178	201	492	3495
	(2.4)	(1.8)	(1.9)	(2.8)	(5.8)
कृषि मशीनीकरण	218	375	1223	4575	6504
	(2.3)	(3.9)	(11.5)	(26.7)	(10.8)
बागान/बागवानी	149	219	200	307	1636
	(1.6)	(2.3)	(1.9)	(1.8)	(2.7)
मुर्गीपालन और भेड़ पालन	15	9	65	68	164
	(0.2)	(0.1)	(0.6)	(0.4)	(0.3)
मछलीपालन	12	86	178	243	707
	(0.1)	(0.9)	(1.7)	(1.4)	(1.2)
डेरी विकास	26	82	156	288	593
	(0.3)	(0.8)	(1.5)	(1.7)	(1.0)
भण्डार और बाजार केन्द्र (मार्केट-यार्ड)	346	293	237	319	1702
	(3.7)	(3.0)	(2.2)	(1.9)	(2.9)
कृषि विमानन तथा अन्य	—	12	—	5	17
	(—)	(0.1)	(—)	(0.1)	(01)
जोड़	9414	9784	10640	17115	59420
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

सारणी 2—(जारी)
पुनर्वित्त का एजेंसीवार वितरण

लाख रुपये

एजेंसी	निम्नलिखित वर्षों में				30 जून 1976 तक का
	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	
राज्य भूमि विकास बैंक	8674	7776	7706	9909	44969
	(91.5)	(79.5)	(72.4)	(57.9)	(75.7)
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	6358	5292	5198	9609	26454
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	449	1736	2787	7075	12813
	(4.8)	(17.7)	(26.2)	(41.3)	(21.5)
जिसमें अंपुवि बैंक की सहायता का अंश	4	1	10	31	165
जिसम अविसंघ की सहायता का अंश	—	342	979	4133	5454
राज्य सहकारी बैंक	351	272	147	131	1638
	(3.7)	(2.8)	(1.4)	(0.8)	(2.8)
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	7	7
कुल जोड़	9414	9784	10640	17115	59420
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल आंकड़ों का प्रतिशत है।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

तेरहवीं वार्षिक रिपोर्ट 1975-76

आलोच्य वर्ष के दौरान निगम के पुनर्वित्त का वितरण 171.15 करोड़ रुपये के नये शिखर पर पहुंच गया जो पिछले वर्ष के 106.40 करोड़ रुपयों के वितरण से 61 प्रतिशत अधिक है (सारणी 1)1 इस अधिक वितरण से यह पता लगता है कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों और कृषि के अच्छे मौसमों को देखते हुए कृषकों में खेती के लिए निवेश करने का विश्वास पैदा हो गया है।

1.2 निगम के आरंभ से लेकर अब तक का कुल वितरण 594 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस राशि में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (आई डी ए) द्वारा सहायता की गई योजनाओं के लिए प्राप्त 321 करोड़ रुपये शामिल हैं जिनके कारण 2080 लाख डालर की विदेशी मुद्रा आई है जब कि पिछले वर्ष 1300 लाख डालर प्राप्त हुए थे।

1.3 आलोच्य वर्ष के दौरान गुजरात और नागालैंड को छोड़कर प्रत्येक राज्य को अधिकतर वितरण प्राप्त हुआ। जम्मू और काश्मीर ने तीन वर्षों के बाद पुनर्वित्त प्राप्त किया तथा मणिपुर और त्रिपुरा में पहली बार कम वितरण हुए।

1.4 उत्तर प्रदेश, पुनर्वित्त के वितरण का सबसे अधिक भाग (26 करोड़ रुपये) प्राप्त करने में तीसरे वर्ष भी अग्रणी बना रहा और इसके बाद क्रम से महाराष्ट्र (23 करोड़ रुपये) तथा कर्नाटक और मध्य प्रदेश (प्रत्येक 19 करोड़ रुपये) का स्थान था। (सारणी 4)

1.5 निगम के आरंभ से लेकर अब तक उसकी सहायता का सबसे अधिक फायदा उठाने वाले जिन राज्यों में से प्रत्येक ने कुल वितरण का 10 प्रतिशत से अधिक भाग प्राप्त किया है वे इस प्रकार हैं :—उत्तर प्रदेश (84 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (68 करोड़ रुपये) और तमिलनाडु (62 करोड़ रुपये)। अन्य राज्यों में से हरियाणा (57 करोड़ रुपये), आंध्र प्रदेश और कर्नाटक (प्रत्येक 55 करोड़ रुपये), पंजाब और गुजरात (प्रत्येक 51 करोड़ रुपये) में से प्रत्येक ने कुल वितरण की 8 से 10 प्रतिशत के बीच की राशि प्राप्त की।

1.6 निगम से आहरित पुनर्वित्त के अनुसार राज्यों के श्रेणीक्रम सारणी 3 में दर्शाया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान जिन राज्यों के श्रेणी क्रम में वृद्धि हुई है वे कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और उड़ीसा हैं। सारणी 3

सारणी 3

निगम से आहरित पुनर्वित्त की राशि के अनुसार राज्यों का श्रेणीक्रम

राज्य	1973-74*	1974-75	1975-76
उत्तर प्रदेश	1	1	1
महाराष्ट्र	2	2	2
कर्नाटक	4	5	3
मध्य प्रदेश	7	3	4
हरियाणा	5	4	5
बिहार	8	6	6
पंजाब	9	10	7
आन्ध्र प्रदेश	10	7	8
तमिलनाडु	3	8	9
राजस्थान	11	11	10
उड़ीसा	14	13	11
गुजरात	6	9	12
केरल	12	12	13
पश्चिम बंगाल	13	14	14

*इसमें भूमि विकास बैंकों (भू वि बैंक) के सामान्य कार्यक्रम से अंतरित राशियां शामिल नहीं हैं।

सारणी 4

पुनर्वित्त का राज्यवार वितरण

(लाख रुपयों में)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में		
		1969-70	1970-71	1971-72
I. उत्तरी क्षेत्र				
दिल्ली	—	6 (0.2)	—	—
हरियाणा	303 (9.9)	263 (9.2)	362 (11.8)	326 (9.3)
हिमाचल प्रदेश	—	—	—	—
जम्मू और कश्मीर	32 (1.0)	20 (0.7)	11 (0.4)	7 (0.2)
पंजाब	653 (21.4)	654 (22.9)	556 (18.2)	386 (11.0)
राजस्थान	6 (0.2)	77 (2.7)	77 (2.5)	83 (2.4)
	994 (32.5)	1020 (35.7)	1006 (32.9)	802 (22.9)
II. उत्तर पूर्वी क्षेत्र				
असम	70 (2.4)	4 (0.1)	—	32 (0.9)
मेघालय	—	—	—	—
नागालैण्ड	—	—	—	—
मणिपुर	—	—	—	—
त्रिपुरा	—	—	—	—
	70 (2.4)	4 (0.1)	—	32 (0.9)
III. पूर्वी क्षेत्र				
बिहार	18 (0.6)	61 (2.1)	113 (3.7)	67 (1.9)
उड़ीसा	4 (0.1)	18 (0.6)	6 (0.2)	8 (0.2)
पश्चिम बंगाल	2 (0.1)	1 (0.1)	10 (0.3)	5 (0.2)
	24 (0.8)	80 (2.8)	129 (4.2)	80 (2.3)

सारणी 4—(जारी)

पुनर्बास का राज्यवार वितरण

(लाख रुपयों में)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों में				30 जून 1976 को
	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	
I. उत्तरी क्षेत्र					
दिल्ली	—	7 (0.1)	12 (0.1)	28 (0.2)	53 (0.1)
हरियाणा	1020 (10.8)	803 (8.2)	1075 (10.1)	1569 (9.2)	5721 (9.6)
हिमाचल प्रदेश	—	4 (0.1)	4 (0.1)	16 (0.1)	24 (—)
जम्मू और कश्मीर	—	—	—	17 (0.1)	88 (0.2)
पंजाब	607 (6.5)	489 (5.0)	407 (3.8)	1306 (7.6)	5056 (8.5)
राजस्थान	136 (1.4)	283 (2.9)	350 (3.3)	536 (3.1)	1548 (2.6)
	1763 (18.7)	1586 (16.3)	1848 (17.4)	3472 (20.3)	12490 (21.0)
II. उत्तर पूर्वी क्षेत्र					
असम	—	29 (0.3)	—	5 (0.1)	139 (0.3)
मेघालय	—	—	—	—	—
नागालैण्ड	—	4 (0.1)	4 (0.1)	2 (—)	10 (—)
मणिपुर	—	—	—	5 (—)	5 (—)
त्रिपुरा	—	—	—	1 (—)	1 (—)
	—	33 (0.4)	4 (0.1)	13 (0.1)	155 (0.3)
III. पूर्वी क्षेत्र					
बिहार	154 (1.6)	585 (5.9)	932 (8.8)	1318 (7.6)	3249 (5.5)
उड़ीसा	11 (0.1)	8 (0.1)	82 (0.8)	338 (2.0)	475 (0.8)
पश्चिमी बंगाल	4 (0.1)	22 (0.2)	69 (0.6)	159 (1.0)	270 (0.4)
	169 (1.8)	615 (6.2)	1083 (10.2)	1815 (10.6)	3994 (6.7)

सारणी 4—(समाप्त)

पुनर्वित्त का एजेंसीवार वितरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में		
		1969-70	1970-71	1971-72
IV. मध्य क्षेत्र				
मध्य प्रदेश	31	49	91	187
	(1.0)	(1.7)	(2.9)	(5.3)
उत्तर प्रदेश	122	256	293	604
	(4.0)	(9.0)	(9.6)	(17.3)
	153	305	384	791
	(5.0)	(10.7)	(12.5)	(22.6)
V. पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	—	—	—	—
गुजरात	207	131	190	262
	(6.8)	(4.6)	(6.2)	(7.5)
महाराष्ट्र	189	349	233	456
	(6.2)	(12.2)	(7.6)	(13.0)
	396	480	423	718
	(13.0)	(16.8)	(13.8)	(20.5)
VI. दक्षिणी क्षेत्र				
आन्ध्र प्रदेश	809	607	342	285
	(26.5)	(21.2)	(11.2)	(8.2)
कर्नाटक	261	166	274	325
	(8.6)	(5.8)	(8.9)	(9.3)
केरल	17	35	82	97
	(0.5)	(1.2)	(2.7)	(2.8)
पांडिचेरी	—	—	—	—
तमिलनाडु	325	162	422	368
	(10.7)	(5.7)	(13.8)	(10.5)
	1412	970	1120	1075
	(46.3)	(33.9)	(36.6)	(30.8)
कुल जोड़ (i से vi तक)	**3047**	**2860**	**3062**	**3498**
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

सारणी 4 (समाप्त)

पुनर्वित्त का एजेंसीवार वितरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों में				30 जून 1976 को
	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	
IV. मध्य क्षेत्र					
मध्य प्रदेश	319 (3.4)	645 (6.6)	1234 (11.6)	1932 (11.3)	4489 (7.5)
उत्तर प्रदेश	1143 (12.1)	1498 (15.3)	1849 (17.3)	2598 (15.2)	8363 (14.1)
	1462 (15.5)	2143 (21.9)	3083 (28.9)	4530 (26.5)	12852 (21.6)
V. पश्चिमी क्षेत्र					
गोवा	—	3 (0.1)	5 (0.1)	23 (0.1)	31 (0.1)
गुजरात	2794 (29.7)	788 (8.0)	427 (4.0)	333 (1.9)	5133 (8.6)
महाराष्ट्र	732 (7.8)	1271 (13.0)	1358 (12.7)	2248 (13.2)	6837 (11.5)
	3526 (37.5)	2062 (21.1)	1790 (16.8)	2604 (15.2)	12001 (20.2)
VI. दक्षिणी क्षेत्र					
आंध्र प्रदेश	847 (9.0)	423 (4.3)	892 (8.4)	1295 (7.5)	5500 (9.3)
कर्नाटक	405 (4.3)	1099 (11.2)	1008 (9.5)	1946 (11.4)	5485 (9.2)
केरल	28 (0.3)	103 (0.1)	100 (0.9)	208 (1.1)	669 (1.1)
पांडिचेरी	—	8 (0.1)	15 (0.1)	4 (0.1)	27 (0.1)
तमिलनाडु	1213 (12.9)	1712 (17.5)	817 (7.7)	1228 (7.2)	6247 (10.5)
	2493 (26.5)	3345 (34.1)	2832 (26.6)	4681 (27.5)	7928 (30.2)
कुल जोड़ (i से vi तक)	**9414** (100.0)	**9784** (100.0)	**10640** (100.0)	**17115** (100.0)	**59420** (100.0)

1.7 लघु सिंचाई के लिए सहायता प्रदान करना निगम का प्रधान कार्यकलाप बना रहा जिसके लिए 446 करोड़ रुपयों का कुल वितरण अथवा सकल वितरण का 75 प्रतिशत वितरण हुआ (सारणी 1)।

इस वर्ष के अंत में कृषि मशीनीकरण के लिए किया गया वितरण पिछले वर्ष के 19 करोड़ रुपयों से बढ़कर 65 करोड़ रुपये हो गया, इसमें से आलोच्य वर्ष के दौरान 36 करोड़ रुपयों की राशि आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब और तमिलनाडु की कृषि ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (अंविसंघ) के पहले के ऋणों के अधिकतर उपयोग से सम्बन्धित है। भूमि विकास और भूमि संरक्षण की योजनाएं प्रगति पर हैं और कमान क्षेत्र के कार्यक्रमों के अन्तर्गत खेतों के ऊपरी विकास के लिए उधार देने में जैसे जैसे वृद्धि होगी वैसे वैसे वे जोर पकड़ेंगी। बागान और बागवानी, मछली पालन, डेरी विकास भंडार और बाजार केन्द्र (मार्केट यार्ड) की योजनाओं के अन्तर्गत किये गये वितरण में पिछले वर्ष की अपेक्षा महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

1.8 गतवर्ष के अंत तक और जून 1976 को वितरण का बायदों से प्रतिशत सारणी 5 में दर्शाया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान किए गए कुल आहरण कृषि निगम के बायदों के 297 करोड़ रुपयों का करीब 57.7 प्रतिशत है जबकि गत वर्ष के दौरान उक्त प्रतिशत 56.8 था (विवरण 1)।

1.9 पुनर्वित्त कार्यक्रम में तिरसठ सदस्य बैंकों ने भाग लिया जिनमें 16 भूमि विकास बैंक, 33 अनुसूचित वाणिज्य बैंक और 14 राज्य सहकारी बैंक शामिल हैं (सारणी 2)। भूमि विकास बैंक कृषि निगम के पुनर्वित्त के मुख्य प्राप्तिकर्त्ता बने रहे। आलोच्य वर्ष के दौरान उन्हें 99 करोड़ रुपये वितरित किये गये जो कि गतवर्ष के 77 करोड़ रुपयों से काफी अधिक हैं। पांच राज्यों अर्थात् आंन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश ने उनके साथ तय किये गये कार्यक्रमों से अधिक कार्य किया है किन्तु अन्य सभी राज्यों के कार्यक्रमों में कमी आई। आलोच्य वर्ष के दौरान कृषि निगम के कुल वितरणों में से भूमि बैंकों का प्रतिशत 58 है जबकि पिछले वर्ष का यह प्रतिशत 72 था। आलोच्य वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने 71 करोड़ रुपये आहरित किए जबकि गत वर्ष यह राशि केवल 28 करोड़ रुपये थी,

सारणी 5

वितरण का बायदों से प्रतिशत

करोड़ रुपये

प्रयोजन	1974-75 तक कृषि निगम के बायदे	30 जून 1975 तक आहरित राशि	2 से 3 का प्रतिशत	1975-76 तक कृषि निगम के बायदे	30 जून 1976 तक आहरित राशि	5 से 6 का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1. लघु सिंचाई	465.8	338.3	72.6	611.2	446.0	73.0
2. भूमि विकास और भूमि संरक्षण	46.9	30.0	64.0	54.5	35.0	64.2
3. कृषि मशीनीकरण	32.7	18.9	57.8	100.1	65.0	64.9
4. बागान और बागवानी	25.0	13.3	53.2	30.2	16.4	54.3
5. मुर्गी और भेड़ पालन	2.1	1.0	47.6	2.7	1.6	59.3
6. मछली पालन	8.3	4.6	55.4	10.8	7.1	65.7
7. डरी विकास	9.7	3.1	32.0	14.9	5.9	39.6
8. भंडार और बाजार केन्द्र	18.3	13.8	75.4	23.4	1.0	72.6
	608.8	423.0	69.5	847.8	594.0	70.1

उनके आहरणों में लघु सिंचाई के अंतर्गत 30.7 करोड़ रुपये, कृषि मशीनीकरण के अंतर्गत 30.1 करोड़ रुपये और शेष राशि विशाखीकृत योजनाओं के अंतर्गत आहरित की गई। अंविसंघ द्वारा सहायता किये गये कार्यक्रमों के अंतर्गत किये जाने वाले वितरण में उक्त बैंकों का अंश 41.6 करोड़ रुपये था अथवा इस वर्ग के अंतर्गत कुल वितरण का 31.5 प्रतिशत था। इस प्रकार आलोच्य वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंकों के कुल आहरण, जून 1975 के अंत में कृपुवि निगम द्वारा इन संस्थाओं को किये गये 57 करोड़ रुपयों के सकल वितरण से काफी अधिक थे। तदनुसार कुल पुनर्वित्त में उक्त बैंकों की अंश भी गत वर्ष के 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 21.5 प्रतिशत हो गया। आलोच्य वर्ष के दौरान राज्य सहकारी बैंकों द्वारा प्राप्त किये गये पुनर्वित्त की राशि बहुत ही कम अर्थात् 1 करोड़ रुपये ही बनी रही जोकि इस वर्ष के दौरान कृपुवि निगम के कुल वितरणों के 1 प्रतिशत से कम थी।

1.10 कृपुवि निगम ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक 594 करोड़ रुपयों के कुल वितरण किये जो आधार स्तर पर लगभग 750 करोड़ रुपयों के निवेश के द्योतक ह और इनमें सदस्य बैंकों, राज्य सरकारों और अंतिम हिताधिकारियों के अंशदान शामिल हैं। अद्यतन उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर विभिन्न योजनाओं के अधीन वास्तविक उपलब्धि की स्थिति नीचे दर्शायी गयी है:

नलकूप	2,08,800
खोदे गए कुएं	3,02,400
बिजली के पसेट/तेल इंजन	4,80,900
उद्वाही सिंचाई	760
अन्य (बरमा और रहट)	9,500

	हेक्टेयर		हेक्टेयर
काफी	6,650	नारियल	22,000
चाय	1,550	सुपारी	1,100
रबड़	1,500	सेब	6,700
इलायची	1,250	नीबू प्रजति के	5,300
काजू	1,100	फल और अन्य फल	
तंबाकू	480		

निगम ने अपने कार्यकलाप के 13 वर्षों के दौरान करीब 20.5 लाख हेक्टेयर भूमि को बहु फसली क्षेत्र के अंतर्गत लाने में सहायता पहुंचाई है। बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के कमान क्षेत्र के अंतर्गत विकसित भूमि और भूमि संरक्षण योजनाओं के अधीन उन्नत किया गया क्षेत्र कुल मिलाकर 6.35 लाख हेक्टेयर होता है। बागान और बागानी की विभिन्न योजनाओं के अधीन विकसित कुल क्षेत्र 47,600 हेक्टेयर के आसपास है।

1.11 जिन अन्य कार्यकलापों के लिए निगम द्वारा पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की गई हैं वे नीचे लिखे अनुसार हैं:

भंडार	13.07 लाख मीटरी टन
बाजार केन्द्र	58 यूनिट
ट्रैक्टर	18,118 यूनिट
कंबाईन/फसल काटने की मशीनें/ बुलडोजर/बिजली चालित जोतने की मशीनें	988 यूनिट
जालवाले पोत/यंत्रीकृत नावें	1,1,66 यूनिट
दुधारू पशु	37,500 पशु
मुर्गीपालन के पक्षी	3,64,100 चूजे
भेड़	50,300 पशु
कृषि विमान	2 यूनिट

स्वीकृतियां

स्वीकृत योजनाओं की संख्या और वायदा की गई राशि दोनों में ही उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आलोच्य वर्ष के दौरान 909 योजनाएं मंजूर की गई हैं जिन के लिए कृपुवि निगम के वायदे की राशि 297 करोड़ रुपए है जबकि पिछले वर्ष 623 योजनाएं मंजूर की गई थीं और उनके वायदों की राशि 204 करोड़ रुपए थी (वितरण 2)। लघु सिंचाई एकमात्र ऐसा विशालतर प्रयोजन है जिसकी 410 योजनाओं के वायदे की राशि 167 करोड़ रुपए है। कुछ वर्षों पूर्व प्रारंभ की गई कारोबार की विशाखीकरण प्रक्रिया जारी है। लघु सिंचाई को छोड़कर अन्य प्रयोजनों की योजनाओं की संख्या 499 है इनके लिए कुल स्वीकृतियों की करीब 55 प्रतिशत राशि प्रदान की गई है और इन योजनाओं से संबंधित वायदों की राशि पिछले वर्ष के 56 करोड़ रुपयों के मुकाबले 130 करोड़ रुपए है। कृषि मशीनीकरण, भूमि विकास और भूमि संरक्षण, बागान और बागबानी, मछली-पालन, डेरी-विकास और भंडार और बाजार केन्द्र (मार्केट यार्ड) की ऐसी योजनायें स्वीकृत की गई हैं जिन में भारी मात्रा के वायदे निहित हैं। कृषि मशीनीकरण कार्यक्रम के लिए 80 करोड़ रुपयों की वायदा राशि प्रदान करके उसमें तेजी लाई गई है ताकि इस प्रयोजन के लिए अंविसंघ की सहायता का देर से उपयोग किए जाने में हुई कमी को पूरा किया जा सके।

2.2 भूमि विकास बैंकों (विवरण 4) के लिए 256 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं जबकि पिछले वर्ष की यही संख्या 116 थी। इन योजनाओं के लिए वायदों की राशि 177 करोड़ रुपए है जो कि पिछले वर्ष के 115 करोड़ रुपयों के मुकाबले अधिक है। भूमि विकास बैंकों ने छोटे सघन क्षेत्रों के लिए ऐसी योजनाएं बनाने की उपयोगिता का महत्व समझ लिया है जिन स तकनीकी

मानक सुनिश्चित किए जा सकें, जिन में अधिक पर्यवेक्षण की सुविधा हो और जिन के ऋणों के उपयोग का सत्यापन किया जा सके। यह एक स्वागत योग्य बात है कि कुछ बैंकों ने डेरी, मुर्गीपालन, भेड़ पालन, मछली पालन, आदि के वित्तपोषण जैसे कार्य के नए क्षेत्रों में पदार्पण किया है। इन बैंकों को विशाखीकृत प्रयोजनों के लिए भारी निवेश करने में जो बड़ी बाधा आड़े आती है वह जमानत के रूप में भूमि को बंधक रखने का सांविधिक परिसीमन है। यदि यह रुकावट हटाई जा सके, भूमि विकास की बैंकिंग प्रणाली विशाखीकृत प्रयोजनों के लिए अधिक योजनाएं प्रस्तुत कर सकेगी।

2.3 पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाणिज्य बैंकों की सर्वाधिक योजनाएं स्वीकृत की गई, उन्हें 119 करोड़ रुपयों के कृषि निगम की वायदा राशि वाली 650 योजनाएं स्वीकृत की गईं जबकि पिछले वर्ष 87 करोड़ रुपयों के वायदा राशि वाली 501 योजनाएं स्वीकृत की गईं थीं। (विवरण 4)। इस प्रकार ये बैंक कृषि विकास की योजनाओं के लिए आवधिक ऋण प्रदान करने के अपने कार्यकलापों का विस्तार कर रहे हैं।

2.4 जून 1976 के अंत तक कृषि निगम ने 1147 करोड़ रुपयों के अपनी वायदा राशि वाली 2905 योजनाएं स्वीकृत की हैं (विवरण 5)। इन में से 1071 योजनाएं भूमि विकास बैंकों के लिए हैं, 1784 योजनाएं वाणिज्य बैंकों के लिए स्वीकृत की गई हैं और 50 योजनाएं राज्य सहकारी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जानी हैं। इन योजनाओं के लिए कृषि निगम की वायदा राशि में से उक्त बैंकों के लिए वायदे क्रमशः 771 करोड़ रुपए, 350 करोड़ रुपए और 21 करोड़ रुपए हैं (विवरण 7)।

विचाराधीन योजनाएं

2.5 जून 1976 के अंत तक 690 योजनाएं विचाराधीन थीं। इन में से 151 योजनाएं सभी दृष्टियों से पूर्ण थीं और शेष 539 योजनाएं या तो अधूरी थीं अथवा कार्रवाई हेतु अतिरिक्त जानकारी के अभाव में रुकी हुई थीं। विचाराधीन योजनाओं में से 200 योजनाएं राज्यों के कम विकसित/कम बैंक वाले क्षेत्रों से संबंधित हैं। विचाराधीन योजनाओं का ब्यौरा विवरण 13 में दिया गया है।

क्षेत्रीय असंतुलन—

राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया

2.6 कृषि के विकास में क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने के लिए निगम जिस प्रकार अपने आपको उत्तरोत्तर संबद्ध करता रहा है उसका पता वर्ष 1969-70 के कार्यों से चलता है जब उसने कम विकसित क्षेत्रों में अपने क्षेत्रीय कार्यालय खोले थे। इसके बाद से इन क्षेत्रों के विकास का संवर्धन करने के लिए निगम के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक उपाय किए गए हैं जिन में दो परामर्श सेवा यूनिटों का खोला जाना, निवेश पूर्व के सर्वेक्षण कराना, विशिष्ट योजनाओं का तैयार किया जाना और सभी प्रयोजनों के लिए ऋण के 90 प्रतिशत की बढ़ी हुई मात्रा में पुनर्वित्त प्रदान करने के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन का प्रदान किया जाना शामिल हैं। इन राज्यों के कतिपय जिलों तक ही कार्यक्रम को संकेन्द्रित करते हुए अंतिसंघ की परियोजनाओं की स्वीकृति भी एक प्रमुख कार्यवाही थी। इस के परिणाम उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश मिलकर बनने वाले मध्य क्षेत्र में उल्लेखनीय रूप से लाभप्रद रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में अकेला उत्तर प्रदेश ही पुनर्वित्त का सब से बड़ा प्राप्तिकर्ता रहा है और उसके बाद मध्य प्रदेश का स्थान आता है जिसे उसका निकटतम पुनर्वित्त प्राप्त हुआ है। बिहार और पश्चिम बंगाल में उत्साहजनक प्रगति देखी गई है। पश्चिम बंगाल में चुने गए छः जिलों में अंतिसंघ द्वारा सहायता की गई योजनाओं की प्रगति के साथ साथ इस राज्य के अन्य क्षेत्रों में योजनाओं के तैयार किए जाने और उनके कार्यान्वयन ने भी जोर पकड़ा है। उड़ीसा में, विशेषकर उड़ीसा उद्वाही सिंचाई निगम की योजनाओं में, काफ़ी प्रगति हुई है। आजकल विश्व बैंक पूर्वी क्षेत्र की खाद्यान्न परियोजना पर विचार कर रहा है। इसके अंतर्गत उड़ीसा, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के लाए जाने की आशा है। अन्य राज्यों में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है कम विकसित राज्यों में योजनाओं की स्वीकृति में की गई प्रगति, कृषि निगम के वायदे और पुनर्वित्त के वितरणों को दर्शानेवाली तालिका विवरण 8 में दी गई है। निगम यह महसूस करता है कि क्षेत्रीय असंतुलनों पर विचार करते समय एक ही राज्य के भीतर विभिन्न क्षेत्रों के बीच विद्यमान असंतुलन की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उपलब्ध साधनों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों का अधिकतम विकास प्राप्त करने के लिए आयोजना में जिले को आधार के रूप में अपनाना होगा। निगम राज्य सरकारों से अपने विचार-विमर्शों के दौरान इस पहलू पर इसलिए जोर देता रहा है कि कृषि विकास की योजनाएं तैयार करते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा जाए।

2.7 इससे संबद्ध जिस एक अन्य पहलू पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है वह विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत वित्तपोषक एजेंसियों की परिचालन-क्षमता में पाई जाने वाली असमानताओं को दूर करने से संबंधित है। जब तक ऋणदात्री संस्थाओं को परिचालन और प्रबंध की दृष्टि से मजबूत नहीं बनाया जाता, विकास प्रक्रिया की गति धीमी ही बनी रहेगी। ऋण-अंतराल को कम करने और विकास प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिन क्षेत्रों में सहकारी ऋण विन्यास कमजोर हैं उन में उधार कार्यक्रम को अपनाने के लिए वाणिज्य बैंकों को जानबूझ कर प्रेरित किया जा रहा है।

2.8 निगम द्वारा स्वीकृत योजनाओं के विश्लेषण से यह पता लगता है कि देश के 387 जिलों में से 53 जिलों को छोड़कर शेष जिलों में से प्रत्येक में कृषि निगम द्वारा कार्यान्वयन के लिए स्वीकृत एक न एक प्रकार की योजना

है। जून 1976 के अंत में ये राज्य और उनमें कृषि निगम की बिना योजना वाले जिलों की संख्या नीचे दी गई है—

अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	1	मध्य प्रदेश	1
अरुणाचल प्रदेश	5	मणिपुर	3
असम	3	मेघालय	2
बिहार	3	मिज़ोराम	1
चंडीगढ़	1	नागालैण्ड	3
दादरा नगर हवेली	1	पांडिचेरी	2
गुजरात	2	राजस्थान	3
हिमाचल प्रदेश	7	सिक्किम	4
जम्मू और कश्मीर	5	त्रिपुरा	2
लक्ष द्वीप	1	उत्तर प्रदेश	2
		पश्चिम बंगाल	1

लघु कृषक

2.9 आलोच्य वर्ष के दौरान निगम ने लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वाधान में चलने वाली 54 योजनाओं की स्वीकृति दी है। 1 जून 1976 के अंत में इन एजेंसियों के तत्वाधान में चलने वाली स्वीकृत योजनाओं की संख्या 158 (विवरण 9) है और इन के लिए निगम के वायदे की राशि 50 करोड़ रुपए है। इन में से 69 योजनाएं भूमि विकास बैंकों, 87 योजनाएं वाणिज्य बैंकों और 2 योजनाएं राज्य सहकारी बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही हैं। प्रयोजन के अनुसार 86 योजनाएं लघु सिंचाई के निवेश से संबंधित हैं और शेष 72 योजनाएं विशाखीकृत प्रयोजनों उदाहरणार्थ डेरी विकास (52), मुर्गी-पालन (7), भेड़ पालन (3), भूमि विकास (3), बागान और बागबानी (6) और मछली पालन (1) के अंतर्गत आती हैं।

2.10 इस वर्ष इन योजनाओं के अंतर्गत आहरित राशियां 5.79 करोड़ रुपए हैं। इसमें से वाणिज्य बैंकों को 1.05 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं जब कि भूमि बैंकों द्वारा आहरित कुल राशि 4.74 करोड़ रुपए है।

2.11 निगम द्वारा स्वीकृत योजनाओं में लघु कृषकों की आवश्यकताओं के लिए निवेश के वित्तपोषण पर उसने जो जोर दिया है उसकी अच्छी प्रतिक्रिया हुई है। कृषि निगम की ऋण परियोजना के अधीन अंविसंघ के साथ 'लघु कृषक हिताधिकारी' की उदारीकृत परिभाषा के बारे में जो समझौता हुआ है उसे आलोच्य वर्ष में लागू किया गया है और देश के कृषि जलवायु पर आधारित विभिन्न क्षेत्रों के कृषकों के वर्गीकरण की एकड़ सीमाएं हिसाब लगाकर निकाल ली गई हैं और वे संबंधित बैंकों को सूचित कर दी गई हैं यह परिभाषा कृषि निगम की सभी योजनाओं पर लागू कर दी गई है जिन में अंविसंघ की वे पासू योजनाएं भी शामिल हैं जिन पर पहले की परिभाषा लागू होती थी। जहां कृषि निगम के कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले लघु कृषकों की संख्या अब निश्चित किए गए एकड़ के मानकों के अनुसार व्यापक हो गई है वहां लघु कृषकों को बैंकों द्वारा ऋण वितरित किए जाने की प्रगति का दिशा-निर्देश करने की प्रणाली में अब भी कुछ त्रुटियां बनी हुई हैं। प्रारंभिक आकलन के अनुसार उधारकर्ताओं की कुल संख्या में कृषि निगम की योजनाओं के अधीन निभाव प्रदान किए गए लघु कृषक हिताधिकारियों की संख्या 50 प्रतिशत और 60 प्रतिशत के बीच है परंतु उन्हें वितरित की गई राशि कुल वितरणों का लगभग 35 प्रतिशत ही कूती जा सकती है। इस पहलू के महत्व की दृष्टि से यह अत्यंत आवश्यक है कि सदस्य बैंक अपनी दिशा-निर्देश और सूचना प्रणाली को सरल और कारगर बनाएं ताकि लघु कृषकों को प्रदान की जाने वाली ऋण सहायता का अपेक्षाकृत अधिक वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

2.12 इस पर भी लघु कृषक की एक जैसी परिभाषा न होने के कारण बैंकों द्वारा अभी हाल तक सामान्य योजनाओं (अर्थात् अंविसंघ की सहायता से बिना चलने वाली योजनाओं) के संबंध में जानकारी नहीं दी गई है। अब बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे सामान्य योजनाओं सहित लघु कृषकों के वित्तपोषण की सूचना प्रदान करें 30 जून 1976 तक कृषि निगम की योजनाओं के अंतर्गत लघु कृषकों को प्रदान किए गए पुनर्वित्त अनुमान सारणी 6 में दिया गया है:—

सारणी 6

लघु कृषकों का वित्तपोषण*

करोड़ रुपये

योजना का स्वरूप	कृषि निगम का कुल वितरण	लघु कृषकों को किया गया वितरण		कुल वित्तपोषण से लघु कृषकों के वित्तपोषण का प्रतिशत
		राशि	लेखों की (स्थूल) संख्या	
1	2	3	4	5
1. लघु कृषक विकास एजेंसी/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक परियोजनाएं	19.79	19.79	65,900	100
2. कृषि निगम की ऋण परियोजना	46.99	29.13	37,100	62

*आंकड़े अनंतिम हैं।

1	2	3	4	5
3. (क) अंविसंघ की परियोजना (कृषि ऋण परियोजनाओं में से केवल लघु (सिंचाई घटक)	227.78	41.03	54,700	18
(ख) अविसंघ की परियोजना (अन्य घटक)	41.64	—	—	—
4. सामान्य योजनायें				
(क) लघु सिंचाई	157.16	62.13	83,100	40
(ख) भूमि विकास	27.75	13.88	69,400	50
(ग) कृषि मशीनीकरण	29.37	—	—	—
(घ) भांडार/बाजार केन्द्र	13.83	—	—	—
(ङ) बागान/बागबानी	16.62	4.08	20,400	25
(च) मुर्गीपालन/भेड़पालन	1.51	1.12	100	75
(छ) डेरी विकास	4.82	3.62	3,600	75
(ज) मछली पालन	7.07	4.06	400	55
(झ) अन्य	0.17	—	—	—
कुल जोड़	594.20	178.84	3,34,700	—

अंविसंघ/अपुवि बैंक द्वारा सहायता दी गई परियोजनाएं

इस वर्ष के दौरान विश्व बैंक समूह से प्राप्त सहायता में से कृषि विकास की 3 और परियोजनाएँ मंजूर की गई हैं। इसके नाम इस प्रकार हैं—समेकित कपास विकास परियोजना, राष्ट्रीय बीज परियोजना और आंध्र प्रदेश सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना। 3.2 जून 1976 के अंत तक (सूखा प्रवण क्षेत्रों की उन परियोजनाओं को छोड़कर जिनमें खेतों के ऊपरी निवेश के लिए ऋण का कोई विनिधान नहीं किया गया) अंविसंघ/अंपुवि बैंक की सहायता से 24 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं के लिए कृपुवि निगम के माध्यम से निधियाँ प्राप्त होंगी। इन परियोजनाओं में 10 कृषि ऋण परियोजनाएं (गुजरात परियोजना को छोड़कर जो इस बीच पूरी हो गई है), 4 कमान क्षेत्र विकास परियोजनाएं, 3 डेरी विकास परियोजनाएं, 2 बीज परियोजनाएँ, 2 बाजार केन्द्र परियोजनाए, एक समेकित कपास विकास परियोजना, एक सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना तथा कृपुवि निगम को प्रदान की जानेवाली सामान्य ऋण प्रणाली शामिल हैं। इन परियोजनाओं में से चार परियोजनाओं अर्थात् तराई बीज परियोजना, राष्ट्रीय, बीज परियोजना, चम्बल कमान क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) और आंध्र प्रदेश सिंचाई तथा कमान क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना और अंपुवि की सहायता बैंक द्वारा की जा रही है और शेष परियोजनाओं का वित्तपोषण अंविसंघ द्वारा किया जा रहा है। प्रयोजनवार उधार कार्यक्रम अब तक किए गए वितरण और जून 1976 के अंत तक अंविसंघ द्वारा वितरित राशियों की स्थिति का सारांश सारणी 7 में दिया गया है। प्रत्येक परियोजना की प्रमुख विशेषताएं विवरण 10 में दी गई हैं और प्रत्येक परियोजना के अंतर्गत कुल उधार देने के कार्यक्रम, वितरणों आदि की स्थिति विवरण 11 में दी गई है।

3.3 विभिन्न एजेंसियों के समन्वित प्रयासों के कारण विश्व बैंक की विभिन्न चालू परियोजनाओं के अधीन वितरण की गति में काफ़ी तेजी आई है। जून 1976 के अंत में कृपुवि निगम द्वारा अंविसंघ/अंपुवि बैंक की परियोजना के अधीन किए गए सरल वितरणों की राशि कुल मिलाकर 321 करोड़ रुपये होती है। इसके फलस्वरूप देश को लगभग 2080 लाख डालर की विदेशी मुद्रा की प्राप्ति हुई है।

कृपुवि निगम की ऋण परियोजनायें

3.4 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में अंविसंघ द्वारा कृपुवि निगम की सामान्य ऋण प्रणाली के मंजूर किये जाने का उल्लेख किया गया था। यह परियोजना एक त्रिवर्षीय कार्यक्रम है और इसके अगस्त 1975 से लागू होने की घोषणा की गई थी। इस परियोजना के अंतर्गत लघु सिंचाई के निवेशों को छोड़कर मुर्गीपालन, डेरी, बागबानी, मछली पालन आदि जैसे विशाखीकृत प्रयोजन भी प्रतिपूर्ति के योग्य थे। इस ऋण के अंतर्गत प्राप्त होनेवाली राशि का उपयोग देश के किसी भी भाग की योजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए किया जा सकता है सिवाय उन क्षेत्रों के जो अंविसंघ की चालू परियोजनाओं के अंतर्गत आते हैं और जहां ऋण की शेष राशि अभी भी उपलब्ध है। आलोच्य वर्ष के दौरान परियोजना की क्रियाविधि संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और परियोजना के अधीन अक्तूबर

नवंबर 1975 से उधार देना प्रारंभ हो गया है। कृपुवि निगम ने जून 1976 के अंत तक लघु सिंचाई की एसी योजनाएं मंजूर की हैं जिनके लिए उसके वायदे की राशि 242 करोड़ रुपये है और उसने लघु सिंचाई के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए 22 करोड़ रुपयों के वायदोंवाली योजनाएं मंजूर की हैं। इस परियोजना के अधीन जून 1976 के अंत तक कृपुवि निगम के वितरण 47 करोड़ रुपये हो गये हैं जो 24 करोड़ रुपयों के प्रत्याशित स्तर से भी अधिक हैं। इनमें से लघु सिंचाई निवेशों के लिए किया गया वितरण 43 करोड़ रुपये हैं और शेष 4 रुपयों का वितरण विशाखीकृत प्रयोजनों के लिए किया गया है। कृपुवि निगम द्वारा किये गये वितरण के पचपन प्रतिशत की प्रतिपूर्ति अंविसंघ द्वारा भारत सरकार के माध्यम से की जानी है।

3.5 उड़ीसा, राजस्थान और त्रिपुरा के कम विकसित राज्यों सहित सोलह राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों तथा पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के चालू कृषि ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत न आनेवाले जिले इस परियोजना के अधीन कृपुवि निगम की पुनर्वित सुविधाओं से लाभान्वित हुए हैं। निगम को यह आशा है कि इस वितरण की यह गति कायम रखी जायगी।

कृषि ऋण परियोजनाएं

3.6 अंविसंघ ने अब तक गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिल नाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के राज्यों में कार्यान्वित की जानेवाली 11 कृषि ऋण परियोजनाओं की स्वीकृति दी है। ये परियोजनायें दो या तीन वर्गों के अंतर्गत आती हैं। पंजाब परियोजना में केवल खेती के मशीनीकरण के लिए उपकरणों के वित्तपोषण की परिकल्पना की गई है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार की परियोजनाओं में केवल लघु सिंचाई के निवेश ही शामिल हैं। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र की परियोजनाओं में लघु सिंचाई के निवेश के अलावा जमीन को समतल बनाने का कार्यक्रम भी सम्मिलित है। गुजरात, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की परियोजनाओं में कृषि मशीनीकरण का घटक भी शामिल है। पश्चिम बंगाल की परियोजना समेकित स्वरूप की है जिसमें

सारणी 7

प्रयोजन के अनुसार अंविसंघ अंपुवि बैंक परियोजनाएं

करोड़ रुपये

प्रयोजन	आवश्यक वितरण	कृपुवि निगम कार्यक्रम के लिए अंविसंघ/अंपुवि बैंक की सहायता की राशि	30 जून, 1976 को कृपुवि निगम द्वारा दिया गया पुनर्वित्त	30 जून 1976 को भारत सरकार के माध्यम से अंविसंघ/अंपुवि बैंक द्वारा प्रतिपूर्ति की राशि
1. लघु सिंचाई	452.6	263.1	270.6	166.6
2. भूमि विकास	15.1	10.8	5.5	
3. कृषि मशीनीकरण	94.6	57.3	35.7@	
4. बाजार केन्द्रों का विकास	26.7	19.0	3.2	1.3
5. बागबानी की खराब होने वाली उपज का अभिसंस्करण और विपणन	6.1	4.9	—	—
6. डेरी विकास	60.2	48.9	—	—
7. कमान क्षेत्र विकास	45.3	33.2	0.2	—
8. बीजों का उत्पादन	30.9	23.1	1.6	1.4
9. विशाखीकरण प्रयोजन (उदाहरणार्थ वृक्षीय फसलें, डेरी आदि)	9.0	4.0	4.0	1.2
10. कपास विकास*	16.1	10.3	—	—
जोड़	756.6	474.6	320.8	170.5

*समेकित कपास विकास परियोजना के अधीन उन्नत कपास की किस्में पैदा करने के लिए मौसमी ऋण प्रदान करने के लिए विशेष रूप से रखे गए 75 लाख डालरों का ऋण शामिल है।

@अंविसंघ द्वारा दस लाख डालर की राशि कपुवि निगम ऋण परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अध्ययनों को चलाने के लिए उपलब्ध की गई है।

लघु सिंचाई के अलावा कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना, बाजारों का विकास और नदी उद्वाही सिंचाई यूनिटों का पूरा किया जाना निहित है।

3.7 अंविसंघ की विभिन्न परियोजनाओं में लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए उधार देने के सकल कार्यक्रमों की राशि 452.6 करोड़ रुपये ही और अंविसंघ सहायता की राशि 263.1 करोड़ रुपय थी। अंविसंघ की विभिन्न परियोजनाओं के अधीन लघु सिंचाई के कार्यक्रमों का कार्यान्वयन संतोषप्रद ढंग से चलता रहा क्योंकि भूमि विकास बैंक इस प्रकार के उधार देने के कार्य के काफ़ी समय से आदी हो चुके थे। इसके अलावा कृषि उत्पादन में उच्च स्तर की प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर दिये जाने के कारण लघु सिंचाई के निवेशों की मांग भी उत्तरोत्तर बढ़ी।

3.8 गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक और महाराष्ट्र की परियोजनाएं मूलतः कुछ चुने हुए जिलों तक ही सीमित थी परंतु 1972-73 में संबंधित राज्य सरकारों से परामर्श करके उन्हें प्रत्येक पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, और पश्चिमी बंगाल की परियोजनाएं करार में निर्धारित कुछ ही जिलों तक सीमित हैं और उनके अंतर्गत पूरे राज्य नहीं आते।

3.9 गुजरात परियोजना को छोड़कर महाराष्ट्र परियोजना पूरी तरह क्रियान्वित की जा चुकी है। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की परियोजनाओं का लघु सिंचाई घटक (पुनर्विनिधान के बाद) पूरा कर लिया गया है। कर्नाटक और हरियाणा में जहाँ लघु सिंचाई निवेश का मूल ऋण विनिधान पूरा कर लिया गया है वहाँ भूमि विकास और या कृषि मशीनीकरण वर्ग का कुछ ऋण लघु सिंचाई वर्ग को फिर से विनिधानित किया गया है। इस संशोधित कार्यक्रम के शीघ्र ही पूरा किये जाने की आशा है। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं; जून 1976 के अंतर्गत इन परियोजनाओं के अधीन भूविबैंकों/प्राप्त बैंकों ने क्रमशः 15.2 करोड़, 25.1 करोड़ और 32.7 करोड़ रुपयों के वितरण किये हैं। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना के लागू होने की घोषणा इस वर्ष के दौरान की गई थी। इसमें भाग लेनेवाले बैंकों के बीच निवेश कार्यक्रम के लिए बैंकिंग योजना के निर्धारण को कृपुवि निगम द्वारा हाल ही में अंतिम रूप दिया गया है। यह आशा की जाती है कि परियोजना निर्धारित अवधि के भीतर कार्यान्वित हो जायेगी।

3.10 अंवि संघ परियोजना के अंतर्गत भूमि विकास कार्यक्रम की प्रारंभ में अच्छी प्रगति नहीं हुई क्योंकि भूमि की अधिकतम सीमा के विधान, भूमि विकास बैंकों के नाम उधारकर्ताओं द्वारा बंधक किय जाने में कठिनाइयाँ और नहरों में अपर्याप्त पानी छोड़े जाने जैसे कारण विद्यमान थे। इसके साथ ही लघु सिंचाई निवेशों के लिए अधिक मांग की गई। इसके फलस्वरूप भारत सरकार और अंविसंघ के परामर्श से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक की परियोजनाओं जसी कतिपय परियोजनाओं म भूमि विकास घटक से लघु सिंचाई वर्ग की निधियों का पुनर्विनिधान किया गया। हरियाणा म कृषि मशीनीकरण, घटक से ऋण का दो बार पुनर्विनिधान किया गया। लघु सिंचाई के लिए अंविसंघ के ऋण की पुनर्विनिधान से पहले और बाद की स्थिति सारणी 8 में दर्शायी गयी हैं।

3.11 गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा और कर्नाटक की कृषि ऋण परियोजनाओं में अन्य बातों के साथ कृषि मशीनीकरण के उपकरण के वित्तपोषण की भी परिकल्पना की गई है और इस घटक के अन्तर्गत वितरण की प्रगति इससे पहले के वर्षों में मुख्यतः इसलिए अवरुद्ध हो गई थी कि इसमें देशी ट्रैक्टरों की शामिल किए जाने के बारे में निर्णय लेने में विलम्ब हुआ। इसके बारे में जुलाई 1975 में निर्णय लिया गया और इसके बाद इसमें काफी तेजी से प्रगति हुई है। इस प्रयोजन के लिए हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की परियोजनाओं के समाप्ति के दिनांकों में वृद्धि कर दी गई है। यह आशा की जाती है कि यह कार्यक्रम संशोधित अवधि के अनुसार पूरा किया जाएगा। इन परियोजनाओं के अधीन जून 1976 के अन्त तक वित्तपोषित ट्रैक्टरों की संख्या और वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा वितरित राशि सारणी 9 में दी गई है।

विकास की अन्य विशेष परियोजनाएं

3.12 विश्व बैंक समूह द्वारा मंजर की गई अन्य परियोजनाएं कमान क्षेत्र विकास, डेरी विकास, बाजार केन्द्र विकास, बीज उत्पादन, बागबानी विकास, समेकित रूई विकास और सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम से सम्बन्धित हैं। इनका वर्णन नीचे किया गया है :

(क) कमान क्षेत्र की परियोजनाएं

3.13 कमान क्षेत्र की तीन विकास परियोजनाएं—राजस्थान में 2 और मध्यप्रदेश में 1—कार्यान्वयन के अधीन हैं। सम्बन्धित राज्य सरकारों ने प्रत्येक परियोजना के लिए एक-एक कमान क्षेत्र विकास प्राधिकरणों का गठन किया है। इन परियोजनाओं की बैंकिंग योजना को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। कमान क्षेत्र विकास में चक के अधीन आने वाले पूरे क्षेत्र का संपूर्ण विकास किया जाना है और उसके किसी भी भाग को नहीं छोड़ा जाना है। चम्बल कमान क्षेत्र की विकास परियोजना (राजस्थान) में कृपुवि निगम ने जलग्रहण क्षेत्र के एक कार्यक्रम को तकनीकी मंजूरी दे दी है जबकि राजस्थान में नहर कमान क्षेत्र की विकास परियोजना के अधीन 302 चकों के लिए मंजूरी दी गई है। मध्य प्रदेश परियोजना के अधीन कृपुवि निगम द्वारा 2 रयोजनाओं को तकनीकी मंजूरी दी गई है। यह आशा की जाती है कि ये परियोजनाएं निर्धारित अवधि में कार्यान्वित हो जाएंगी।

3.14 जून 1976 में अंपुवि बैंक द्वारा कमान क्षेत्र विकास की चौथी परियोजना अर्थात् आन्ध्र प्रदेश सिंचाई और

सारणी–8

कृषि ऋण परियोजनाओं के अधीन अंवि संघ ऋण का विनिधान

परियोजना का नाम	वर्ग	अंवि संघ ऋण का मूल विनिधान (10 लाख अमरीकी डालर)	पुनर्विनिधान के बाद अंवि संघ का ऋण (10 लाख अमरीकी डालर)	अंवि संघ के ऋण को खपाने के लिए आवश्यक वितरण (रुपये करोड़ों में)	भाग लेने वाले बैंकों द्वारा किया गया वितरण (रुपये करोड़ों में)
1	2	3	4	5	6
1. गुजरात	ल सिं	27.30	32.475	40.27	40.27
	कृ म	7.40	2.504	3.51	3.19
	अन्य*	0.30	0.021	—	—
		35.00	35.000	43.78	43.46
2. आंध्र प्रदेश	ल सिं	14.00	16.323	21.11	21.10
	भू वि	5.24	3.40	2.30	2.30
	कृ म	4.88	4.790	8.06	1.70
	अन्य*	0.28	0.247	—	—
		24.40	24.40	31.47	25.10
3. हरियाणा	ल सिं	4.40	12.4	19.62	27.36
	कृ म (ट्रैक्टर)	17.40	12.1	15.65	12.70
	कटाई की मशीनों एवं कम्बाइनों के अतिरिक्त पुर्जे	0.50	0.5		
		2.70			
		25.00	25.00	35.27	40.06
4. महाराष्ट्र	ल सिं	22.682	26.942	36.97	36.62
	भू वि	2.719	1.200	2.26	2.26
	अन्य*	4.599	1.895	2.11	1.90
		30.00	30.000	41.34	40.78
5. तमिल नाडु	ल सिं	22.70	24.058	30.01	30.01
	भू वि	2.10	0.742	0.88	0.88
	कृ म	5.00	6.150	7.80	3.80
	अन्य*	5.20	4.050		
		35.00	35.000	38.69	34.69
6. कर्नाटक	ल सिं	13.10	25.00	29.80	28.19
	भू वि	10.00	2.00	5.25	2.30
	कृ म	6.70	9.20	15.75	6.49
	अन्य*	10.20	3.80		
		40.00	40.00	50.80	37.99

*अन्य मदों में कूयें खोदने के रिंग, मिट्टी ढोने के उपकरण, परामर्श सेवायें, अतिरिक्त पुर्जे आदि प्राप्त करना शामिल है।

सारणी 9

अंविसंघ परियोजनाएं—ट्रैक्टरों की अभिप्राप्ति

परियोजना का नाम	वित्तपोषण किये जानेवाले ट्रैक्टरों की संख्या	वित्तपोषित ट्रैक्टरों की संख्या		निम्नलिखित बैंकों द्वारा किया गया वितरण	
		देशी	आयात किए गये	भूवि बैंक (करोड़ रुपयों में)	प्रास बैंक
आंध्र प्रदेश . .	1266	174	107	1.4	0.3
कर्नाटक . .	2805	1200	941	3.5	4.0
हरियाणा . . .	4000	3408	101	5.6	7.1
पंजाब . . .	8000	2968	1386	5.2	12.5
तमिलनाडु . . .	1500	628	134	3.8	—
जोड़ . .	17571	8378	2669	19.5	23.9

संयुक्त कमान क्षेत्र विकास की परियोजना की मंजूरी दी गई थी । इसमें आंध्र प्रदेश के चार सिंचाई कमानों के अधीन आने वाली 72,000 हेक्टेयर राशि पर कमान क्षेत्र विकास की परिकल्पना की गई है ।

3.15 कमान क्षेत्र कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन में अनुभव की गई कठिनाइयों में से एक यह थी कि ऐसे खेतों के विकास के लिए साधन जुटाने की आवश्यकता थी जिनके मालिक सामान्य बैंकिंग ऋण प्राप्त करने के योग्य नहीं थे । इस प्रयोजन के लिए कृपुवि निगम ने भारत सरकार के परामर्श से अब एक योजना तैयार की है जिसके फलस्वरूप यह संभव हो जाना चाहिए कि उसके लिए क्षेत्र परियोजना का विकास कार्य अपने हाथ में लिया जा सके ।

(ख) डेरी विकास परियोजना

3.16 डेरी विकास के लिए तीन समेकित परियोजनाएं राजस्थान, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में कार्यान्वित की जा रही हैं । इन सभी परियोजनाओं के अधीन डेरी संघों का वित्तपोषण करने के लिए बैंकिंग योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है । कृपुवि निगम ने भाग लेने वाले बैंकों एवं अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के लिए बंगलौर, भोपाल और जबलपुर में अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए ताकि इन कर्मचारियों को सम्बन्धित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में क्रियाविधिक एवं परिचालनगत मामलों से अवगत कराया जा सके । राजस्थान में डेरी विकास निगम की स्थापना की गई है और उसके लिए महत्वपूर्ण कर्मचारियों की नियुक्त कर ली गई है । कृपुवि निगम ने 2 डेरी संघों की तकनीकी सेवाओं के घटकों के लिए भी मंजूरी प्रदान कर दी है । मध्यप्रदेश में भी डेरी विकास निगम की स्थापना कर दी गई है और महत्वपूर्ण पदों पर कर्मचारियों की भर्ती कर ली गई है । कृपुवि निगम द्वारा भोपाल डेरी संघ के तकनीकी घटक की एक योजना को मंजूरी दी गई है । संयंत्र निर्माण के लिए डिजाइन का ब्यौरेवार अध्ययन शीघ्र ही शुरू किया जाने वाला है । यह आशा की जाती है कि ये दोनों परियोजनाएं निर्धारित अवधि में कार्यान्वित हो जाएंगी । कर्नाटक में परियोजना के कार्यान्वयन में विलम्ब हुआ है । हाल ही में कर्नाटक डेरी विकास निगम द्वारा एक प्रबंधक परामर्शदाता को नियुक्त किया गया है जिससे इनमें सुधार होने की आशा की जाती है । इस परियोजना से सम्बन्धित कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहा है ।

(ग) बाजार केन्द्र परियोजनाएं

3.17 बाजार विकास की दो परियोजनाओं, अर्थात् बिहार बाजार केन्द्र परियोजना और कर्नाटक कृषि थोक बाजार परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है । बिहार में कृपुवि निगम ने अब तक 4.7 करोड़ रुपयों के वायदों वाले 19 बाजारों को अनुमोदन प्रदान किया है जबकि कर्नाटक में कृपुवि निगम के 4.5 करोड़ रुपयों के बाद वाले 26 बाजारों का अनुमोदन किया गया है । बिहार एवं कर्नाटक बाजार परियोजनाओं के अन्तर्गत जून 1976 के अन्त तक कृपुवि निगम द्वारा वितरित की गई राशि क्रमशः 2.87 करोड़ रुपए और 0.32 करोड़ रुपए थी । बिहार में बाजार निर्माण कार्य में इसलिए विलम्ब हुआ है कि बाजार निर्माण के लिए स्थान प्राप्त करने में वैधानिक कठिनाइयां उत्पन्न हो गई थीं । ये कठिनाइयां दूर कर ली गई हैं और निर्माण कार्य संतोषजनक ढंग से चल रहा है । कर्नाटक में अनुमान और नक्शे तैयार करने, लेखा परीक्षा के बकायों और लिए जाने वाले बंधक के प्रकार जैसे मामलों को सुलझाने में विलम्ब होने से परियोजना की प्रगति में रुकावट आने की प्रवृत्ति पाई गई ।

(घ) बीज परियोजनाएं

3.18 अंपुवि बैंक द्वारा दो बीज परियोजनाएं एक उत्तर प्रदेश की तराई क्षेत्र की बीज परियोजना और दूसरा

राष्ट्रीय बीज परियोजना मंजूर की गई हैं। तराई बीज परियोजना में तराई क्षेत्र के भूमि विकास की परिकल्पना की गई है। ताकि खाद्यान्नों की अधिक उपज देने वाली किस्मों की उपलब्धि में वृद्धि की जा सके। जून 1976 के अन्त तक इस परियोजना के अधीन कृषि निगम द्वारा किए गए वितरणों की राशि 1.64 करोड़ रुपए है। गोविंद वल्लभ पंत विश्वविद्यालय को अपने स्वयं के खेतों या पट्टे पर लिए गए खेतों में भूमि को समतल बनाने के लिए ट्रैक्टरों और पुर्जों सहित भूमि को समतल करने वाले यंत्रों को खरीदने के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जो आवधिक ऋण प्रदान किया गया है उसके लिए पुनर्वित प्रदान करने के लिए इस बीच कृषि निगम सहमत हो गया है।

3.19 जो राष्ट्रीय बीज परियोजना राष्ट्रीय बीज कार्यक्रम के विकास का पहला चरण है उसके अन्तर्गत चार राज्य आते हैं। इसके अन्तर्गत बीज निगम को भंडार और विपणन में सुधार लाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इस परियोजना के अधीन प्रमुख अनाजों और रूई के बीजों की प्रमाणित किस्मों के उत्पादन की भी परिकल्पना की गई है। यह परियोजना अंकृवि बैंक द्वारा जून 1976 में मंजूर की गई है।

(ङ) बागवानी परियोजनाएं

3.20 हिमाचल प्रदेश सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना का उद्देश्य सेब अभिसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देना है। इस परियोजना में श्रेणीकरण और पैकिंग केन्द्रों, शीतगृह, रस अभिसंस्करण संयंत्र, सड़क सुधार और रज्जू मार्ग की व्यवस्था शामिल है। इस परियोजना को प्रारंभ में कुछ ऐसी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा जो प्रबंध-सम्बन्धी और तकनीकी समस्याओं के कारण उत्पन्न हुई थीं। अंवि संघ समीक्षा आयोग ने इस परियोजना में कुछ परिवर्तन करने के लिए विभिन्न हितों से विस्तृत विचार-विमर्श किया है। हिमाचल प्रदेश बागबानी उपज विपणन और अभिसंस्करण निगम मर्यादित ने दो पैकिंग और श्रेणीकरण केन्द्रों के सम्बन्ध में एक उप-परियोजना रिपोर्ट तैयार की है और इन्हें दो वाणिज्य बकों को कार्यान्वयन हेतु दे दिया गया है।

(च) रूई विकास परियोजना

3.21 आलोच्य वर्ष के दौरान अंवि संघ द्वारा जो समेकित रूई विकास परियोजना मंजूर की गई थी, उसमें पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र के चने हुए क्षेत्रों में रूई की उन्नत किस्मों के उत्पादन और अभिसंस्करण से सम्बन्धित सभी पहलुओं की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि रूई उत्पादकों की अल्पावधि ऋण आवश्यकताओं का वित्तपोषण करने के लिए अल्पावधि निधि में भी व्यवस्था की गई है। कृषि निगम पहली बार अल्पावधि ऋण के लिए पुनर्वित्त प्रदान करेगा। इस प्रयोजना के लिए मौसमी ऋण निधि का गठन किया जा रहा है। अल्पावधि ऋण के प्रयोजन हेतु जो वाणिज्य बैंक परियोजना में भाग लेंगे, उनमें अभिनिर्धारण कर लिया गया है और कृषि निगम द्वारा उन्हें इस परियोजना के अधीन अपने लिए अल्पावधि ऋण सीमाओं को मंजूर कराने के लिए आवेदनपत्र प्रेषित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी कर दिए गए हैं। इस परियोजना में कपास ओंटने और बिनौलों के अभिसंस्करण की सुविधाओं का आधुनिकीकरण और अनुसंधान की भी परिकल्पना की गई है।

सूखा प्रवण क्षेत्रों की परियोजना

3.22 सूखा प्रवण क्षेत्रों की जिस परियोजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान के छः जिले आते हैं उसके अन्तर्गत ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा कतिपय निवेशों का वित्तपोषण किए जाने की परिकल्पना की गई है। इनमें लघु सिंचाई कार्यक्रम, भेड़ और डेरी विकास, बागबानी, मछली पालन, रेशम उत्पादन, आदि शामिल है और सम्बन्धित योजनाओं के लिए कृषि निगम द्वारा पुनर्वित्त प्रदान किया जाएगा। परियोजना करार के अनुसार निगम से एक ऐसी बैंकिंग योजना तैयार करने की अपेक्षा की गई है जिसके अन्तर्गत अन्य बातों के साथ-साथ आवश्यक कृषि ऋण का परिमाण, एवं प्रकार, ऋण की आवक को सुविधाजनक बनाने के लिए अपेक्षित वैधानिक और संस्थागत परिवर्तन और क्षेत्र में विभिन्न ऋण-दात्री संस्थाओं द्वारा किया गया कार्य आते हों। तदनुसार निगम ने प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग अध्ययन दलों का गठन किया है और छः जिलों के लिए बैंकिंग योजनाएं तैयार कर ली हैं।

साकार की जा रही परियोजना

3.23 साकार की जा रही परियोजनाओं (प्रोजेक्ट्स इन दि पाइप लाइन) में गुजरात की मछली पालन विकास की समेकित परियोजना, केरल की वृक्षीय फसल परियोजना और पूर्वी क्षेत्र की खाद्यान्न परियोजना शामिल है। अभिनिर्धारण सज्जा आयोग* (अन्न और कृषि संगठन/फसल परियोजना) ने एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की है जिसके अन्तर्गत आंध्र प्रदेश, गुजरात और केरल के 7 बंदरगाह आते हैं। अंवि संघ गुजरात की एक परियोजना का मूल्यांकन कर रहा है। केरल सरकार द्वारा तैयार की गई जिस कृषि विकास परियोजना के लिए अंवि संघ से वित्तीय सहायता की परिकल्पना की गई है, उसका मूल्यांकन वृक्षीय फसल मिशन द्वारा किया गया। परियोजना में वृक्षीय फसल, डेरी आदि के विकास की अपेक्षा की गई है। अंवि संघ के उक्त आयोग के साथ कृषि निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी को ऋण विशेषज्ञ के रूप में सम्बद्ध किया गया था। पूर्वी क्षेत्र खाद्यान्न परियोजना तैयार की जा रही है। इसके अधीन बिहार, असम, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल राज्य आएंगे।

वर्ष के दौरान किए गए नीति सम्बन्धी निर्णय

कृषि उत्पादन में शीघ्रता से वृद्धि को महत्व देनेवाली लघु सिंचाई योजनाओं पर कृषि निगम प्राथमिकता से ध्यान देता रहा है। कृषि निगम अगस्त 1967 से ही लघु सिंचाई

*आइडेंटीफिकेशन प्रिपेरेशन मिशन

योजनाओं के अधीन राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा दी जाने वाली ऋण सहायता के 90 प्रतिशत तक की पुनर्वित्त सहायता मंजूर करता रहा है और राज्य सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि वे राभूवि बैंकों द्वारा जारी किए गए विशेष विकास डिबेंचरों में अभिदान के रूप में केवल 10 प्रतिशत की शेष राशि का ही अंशदान करें जबकि अन्य योजनाओं के लिए उनसे 25 प्रतिशत के सामान्य अंशदान की आशा की जाती है । पांचवीं योजना में इन निवेशों के तंत्रगत महत्व को ध्यान में रखते हुए निगम ने इस वर्ष के दौरान यह निर्णय किया है कि पांचवीं पंच वर्षीय योजना अर्थात् 1978–79 के अन्त तक 90 प्रतिशत की पुनर्वित्त सहायता जारी रखी जाए ।

4.2 कृषिवि निगम की पुनर्वित्त सहायता से लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वावधान में चलने वाली और अधिक योजनाओं को सहायता देने के लिए सदस्य बैंकों को प्रेरित करने के हेतु निगम पिछले छः वर्षों के दौरान इन योजनाओं के लिए 100 प्रतिशत की पुनर्वित्त सहायता मंजूर करता आ रहा है । बैंकों को दिए जाने वाले वित्तीय प्रोत्साहन को उस स्थिति में आवश्यक समझा जाता था जब लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों की नयी-नयी स्थापना हुई थी और लघु कृषकों एवं भूमिहीन मजदूरों को दी जाने वाली सहायता ऋण जोखिम मानी जाती थी । समाज के कमजोर वर्गों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने में वित्तीय संस्थाओं की उत्तरोत्तर संबद्धता को देखते हुए यह आवश्यक समझा गया है कि वित्त पोषक बैंकों को भी इस कार्यक्रम के लिए कुछ जोखिम लेना चाहिए । अतः कृषिवि निगम ने पुनर्वित्त की मात्रा में कुछ सुधार किया है । 1 अप्रैल 1976 से कृषिवि निगम द्वारा लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वावधान में प्रवर्तित स्वयं समर्थ कृषि विकास योजनाओं के लिए सदस्य बैंकों द्वारा प्रदान की गयी वित्तीय सहयता के 90 प्रतिशत तक की पुनर्वित्त सहायता प्रदान की जाएगी और शेष 10 प्रतिशत की राशि राभूवि बैंकों द्वारा मंजूर की गई योजनाओं के मामले में संबंधित राज्य सरकारों द्वारा तथा वाणिज्य और राज्य सहकारी बैंकों के मामले में बैंकों द्वारा अपने खुद के साधनों से पूरी की जाएगी ।

4.3 कृषिवि निगम द्वारा अनुमोदित लघु सिंचाई योजनाओं के अधीन कृषकों को अपने कुओं में बिजली लगाने के लिए संबंधित राज्य विद्युत बोर्डों (रावि बोर्ड) के पास जमाराशियां बनाये रखने के लिए सदस्य बैंकों द्वारा मंजूर किये गये ऋणों के संबंध में कृषिवि निगम ने पुनर्वित्त सुविधाएं मंजूर करने का प्रस्ताव रखा है । चूंकि निर्धारित क्रियाविधि काफी कठिन और दुष्कर सिद्ध हुई अतः इस सुविधा का पूरा लाभ नहीं उठाया गया । जहां कृषकों द्वारा पहले ही निवेश किया जा चुका है वहां पंपसेटों को चलाने के लिए बिजली देने के महत्व को ध्यान में रखते हुए योजना की समीक्षा की गयी है । संशोधित क्रियाविधि के अधीन, कृषिवि निगम द्वारा अनमोदित लघु सिंचाई योजनाओं के अंतगत राज्य बिजली बोर्डों द्वारा जिन कुओं के लिए वास्तव में बिजली दी गई है उनकी संख्या के अनुपात में सदस्य बैंकों को निधियां प्रदान करने की अनुमति दी गई है परंतु इनमें वे कूयें शामिल नहीं हैं जो ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के कार्यक्रम के अंतर्गत आ नेवाले क्षेत्रों में हैं । रावि बोर्ड द्वारा बिजली लगाये गये कुयें में 5 अश्वशक्ति तक की बिजली चालित मौटर लगाने के लिए ऋण सहायता की अधिकतम मात्रा 4,500 रुपये होगी, इसके बाद मोटर की अश्व शक्ति में 2.5 अश्व शक्ति के सीमा स्तर (स्लैब) के हिसाब से वृद्धि होने पर 1,000 रुपयों से अनधिक दर पर अधिकतर ऋण की अनुमति भी दी जा सकती है । इन ऋणों की अवधि 7 वर्ष होगी और ये वार्षिक किस्तों में अदा किये जाएंगे । जहां वाणिज्य बैंक रावि बोर्डों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में होंगे वहां रावि बोर्डों को सीधे ही ऋण प्रदान करने के लिए राभूवि बैंकों को अपने अधिनियमों और उपविधियों में संशोधन करने पड़ेंगे । इसको देखते हुए कि यह योजना अक्तूबर 1975 में संशोधित की गई थी और राज्य विद्युत बोर्डों को ऋण देने से पहले कुछ औपचारिकताएं पूरी की जानी थीं, इस वर्ष के दौरान कृषिवि निगम ने सदस्य बैंकों को उनके द्वारा दिये गये ऋणों के लिए 6.5 करोड़ रुपयों की भारी राशि वितरित की है। निगम यह आशा करता है कि आगामी वर्षों में इस स्रोत से निधि की अधिक मांग होगी ।

4.4 भारतीय रिज़र्व बैंक और कृषिवि निगम द्वारा क्रमशः सामान्य और विशेष विकास डिबेंचर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभूवि बैंकों/राभूवि बैंकों की शाखाओं के उधार कार्यक्रम को विनियमित करने के लिए कुछ भिन्न मानदंडों का पालन करता आ रहा है । अंवि संघ द्वारा सहायता की गई परियोजनाओं सहित दोनों कार्यक्रमों के अधीन 1975-76 के प्रारंभ से इन मानदंडों में एकरूपता लायी गयी है और एक जैसी कसौटियां लागू की जा रही हैं । किसी वर्ष के दौरान उधार कार्यक्रम के लिए प्राभूवि बैंकों/राभूवि बैंकों की शाखाओं की योग्यता उनके द्वारा पिछले वर्ष के दौरान किये गये वसूली कार्य से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध की गई है और उनके योग्य उधार कार्यक्रम पिछले वर्ष के दौरान उनके द्वारा वितरित की गयी राशि के निम्नलिखित मानकों के अनसार निर्धारित प्रतिशत से संबद्ध किये गये हैं :

अतिदेय राशियों की सीमा (मांग का%)	योग्य उधार कार्यक्रम (पिछले वर्ष जारी किये गये ऋणों का%)
0-25	निर्बाध
26-35	80
36-45	70
46-55	60
56-60	50
61-100	कुछ नहीं

4.5 यह आशा की जाती है कि इन कसौटियों को लागू किये जाने से प्राभूवि बैंक/राभूवि बैंकों की शाखाओं को बेहतर वसूली कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी । अतिदेयों के प्रतिशत का हिसाब लगाने के लिए भी यह छूट दी गयी है कि बैंक किसी वर्ष की अपनी मांग के 10 प्रतिशत से अनधिक की राशि के अतिदेयों को सैद्धांतिक रूप से कम करने के लिए राज्य सरकार के शेयर पूंजी के लिए किये गये अंशदान को हिसाब में ले सकते हैं और इस प्रकार उस वर्ग पर लागू होने वाले उच्चतर उधार कार्यक्रम के योग्य हो सकते हैं । राभूवि बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित कतिपय शर्तों के अंतर्गत अभाव की परिस्थितियों से उत्पन्न अतिदेयों की अवधि का पुनर्निर्धारण करने की सुविधा भी प्राप्त है । राभूवि बैंकों द्वारा डिबेंचरों को जारी करने के लिए सामान्य मानदंडों की समीक्षा करते रहने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कृपुवि निगम की एक स्थायी समिति का भी गठन किया गया है । इस समिति द्वारा किये गये विचार-विमर्श के आधार पर 1975–76 वर्ष के लिए उक्त सिद्धांतों को लागू करने के लिए कतिपय छूटें दी गयी हैं ताकि बैंक वायदा किये गये ऋणों की दूसरी और अनुवर्ती किस्तें प्रदान कर सकें ।

4.6 कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अधीन भूमि के ऊपर किये जानेवाले निवेश चक आधार पर किये जा रहे हैं और यह आवश्यक है कि अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए चक के अधीन आने वाली सम्पूर्ण भूमि का विकास किया जाए । इसके लिए उपयुक्त निवेश और भारी ऋण-सहायता की आवश्यकता है । परन्तु अनुभव से यह पता लगा है कि चक के अंतर्गत ऐसे भूस्वामी हैं जो किसी न किसी कारण उदाहरणार्थ भूमि पर मान्य हक न होने से बैंकों से ऋण प्राप्त करने के हकदार नहीं होते । कमान विकास क्षेत्र में ऐसे 'आयोग्य' कृषकों का वित्तपोषण करने का प्रश्न एक प्रमुख अवरोध रहा है । अब भारत सरकार और कृपुवि निगम ने एक दृढ़ क्रियाविधि निकाली है जिससे 'आयोग्य' कृषकों को कृपुवि निगम में स्थापित एक विशेष ऋण सहायता प्रदान की जा सकती है । इस लेखे में केन्द्रीय सरकार, संबंधित राज्य सरकार और कृपुवि निगम द्वारा 50:25:25 के अनुपात में अंशदान किया जायेगा । सामान्यतः यह आशा की जाती है कि कमान क्षेत्र में अयोग्य कृषकों के कब्जे या स्वामित्व में रहनेवाले कुल क्षेत्र का प्रतिशत कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र का 20 प्रतिशत होगा । विशेष ऋण लेखे से निधियां प्रदान करने की क्रियाविधि दर्शाने वाले मार्गदर्शी सिद्धांत कृपुवि निगम द्वारा जारी किये गये हैं ।

4.7 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि कृपुवि निगम द्वारा बिहार, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल की वानि की परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है । इस प्रयोजन के लिए कृपुवि निगम ने व्यापक मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये हैं ताकि विभिन्न वन रोपण निगम अपनी योजनाएं तैयार कर सकें । इन मार्गदर्शी सिद्धान्तों में बैंकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले वित्त, वित्तपोषण का तरीका, निधियां वितरित करने की क्रियाविधि, कार्यकारी पूंजी निधि की व्यवस्था और परियोजना के कार्यान्वियन का पर्यवेक्षण आदि जैसी मदें दर्शाई गई हैं । जिन मामलों के लिए संबंधित राज्य सरकारें उत्तरदायी हैं उनको भी मार्गदर्शी सिद्धान्तों में निर्दिष्ट किया गया है ।

कृपुवि निगम अधिनियम, 1963 में किये गये संशोधन

4.8 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि कृपुवि निगम अधिनियम में किये गये विभिन्न संशोधनों को संसद् द्वारा जुलाई—अगस्त 1975 में पारित कर दिया गया है । ये संशोधन 15 नवम्बर 1975 से लागू हुए हैं इसके फलस्वरूप निगम का नाम बदल कर "कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम" कर दिया गया है ।

4.9 अधिनियम में किये गये संशोधन तीन अलग-अलग वर्गों, अर्थात् वित्तीय, प्रशासकीय और क्रियाविधिक वर्गों के अंतर्गत आते हैं । इनमें से महत्वपूर्ण संशोधन इन बातों से संबंधित हैं—भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन से निगम की शेयर पूंजी को 25 करोड़ रुपयों से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करना, निगम को उपहार, अनुदान, चंदे, उपकारक दान स्वीकार करने के योग्य बनाना, योग्य संस्थाओं के बांडों और डिबेंचरों की बिक्री, भारत के भीतर और बाहर पूंजीगत माल के संबंध में कृपुवि निगम द्वारा आस्थगित अदायगी की गारंटी का दिया जाना, और निगम द्वारा जिस योजना या जिन योजनाओं के लिए निभाव प्रदान किया गया हो उसके या उनके स्वरूप और सीमाक्षेत्र को देखते हुए 'योग्य संस्था' अथवा 'योग्य संस्थाओं, के किसी वर्ग से जमानत में छूट देने के लिए कृपुवि निगम के बोर्ड को शक्ति प्रदान करना ।

4.10 निगम, यथासंशोधित, कृपुवि निगम अधिनियम, 1963 के फलस्वरूप इस योग्य हो गया है कि वह कार्यकारी पूंजी प्रदान कर सके । निगम ने यह निर्णय किया है कि वह विकास की समेकित योजनाओं की कार्यकारी पूंजी के लिए चयनात्मक आधार पर पुनर्वित्त प्रदान करेगा अथवा वह जहां सामग्री की थोक खरीद के निवेश के लिए पुनर्वित्त प्रदान किया जाना है वहां उसके प्राप्त होने की अवधि तक उनका वित्तपोषण करेगा । इस संशोधन के फलस्वरूप निगम समेकित कपास विकास परियोजना के अंतर्गत कपास की उन्नत किस्मों के उत्पादन के लिए फसली ऋण आंतरिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए सहमत हो गया है ।

4.11 कृपुवि निगम अधिनियम सिक्किम राज्य पर भी लागू कर दिया गया है । निगम ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह निगम द्वारा उपलब्ध की गई संवर्धन और विकासीय सुविधाओं का लाभ उठाये ।

अन्य गतिविधियां

मूल्यांकन

5.1 मूल्यांकन कक्ष ने दो लघु सिंचाई योजनाओं अर्थात् (महाराष्ट्र) के शोलापुर जिले के 4 तालुकों में पंपसेटों सहित खुदाई वाले नये कुओं की योजना और करनाल I योजना (हरियाणा) के अधीन उथले नलकूप लगाने की योजना से संबंधित अध्ययन रिपोर्ट समाप्त कर दी है । आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की योजनाओं से संबंधित अध्ययन की रिपोर्टें भी प्रायः समाप्त होने जा रही हैं ।

5.2 इस वर्ष के दौरान, गुजरात कृषि ऋण परियोजना के अन्तर्गत लघु सिंचाई निवेशों से कृषकों को होने वाले लाभों का निर्धारण करने के लिये मूल्यांकन कक्ष द्वारा एक त्वरित मूल्यांकन अध्ययन प्रारंभ किया गया ।

5.3 कृषि क्षेत्र में सदस्य बैंकों द्वारा संख्या और योजनाओं दोनों ही की दृष्टि से किये जाने वाले बढ़ते हुए कारबार को देखते हुए बैंकों के लिये यह अनिवार्य हो गया है कि वे अपने संगठन के भीतर ही परियोजना दिशा-निर्देशन और मूल्यांकन कक्ष की स्थापना करें । इस उद्देश्य के लिये निगम ने सार्वजनिक क्षेत्र के जिन बैंकों और भूमि विकास बैंकों ने कृपुवि निगम से भारी मात्रा में पुनर्वित्त आहरित किया है, उन्हें यह सुझाव दिया है कि वे अध्ययन प्रारंभ करने के लिये ऐसे कक्षों की स्थापना करें । भारतीय स्टेट बैंक के अनुरोध पर मूल्यांकन कक्ष ने, उसके अधिकारियों को परियोजना के दिशा निर्देशन के प्रशिक्षण के लिये एक 3 दिवसीय कार्यक्रम का संचालन किया है और उक्त बैंक ने अपने स्थानीय मुख्य कार्यालयों में परियोजना दिशा-निर्देशन और मूल्यांकन कक्षों की स्थापना की है ।

5.4 मूल्यांकन कक्ष चालू वर्ष में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में पूर्णतः कार्यान्वित की गई कृषि ऋण परियोजनाओं की समाप्ति रिपोर्ट पर विचार करेगा । इसके अलावा, यह कक्ष कार्यक्रम के दूसरे चरण के अधीन मछली-पालन, बागवानी और उद्वाही सिंचाई जैसे विविध प्रयोजनों से संबंधित कतिपय योजनाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने पर विचार कर रहा है ।

प्रशिक्षण

5.5 भूमि विकास और वाणिज्य बैंकों के बढ़ते हुए कारबार में होनेवाली वृद्धि के फलस्वरूप उन पर यह सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व आया है कि ऋण प्रदान करने की नीतियां और क्रिया निधियां ठोस हों और ऋण के उद्दिष्ट उपयोग का उचित रूप से पर्यवेक्षण किया जाता हो । सदस्य-बैंकों के मूल्यांकन कर्मचारियों को भी निवेश प्रस्तावों की उचित मूल्यांकन पद्धति की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए । विकास बैंक होने के नाते निगम ने अपनी इससे संबंधित भूमिका को पर्याप्त महत्व दिया है और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम में प्रशिक्षण से संबंधित एक समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष उसके चेयरमैन हैं और जिसमें भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान, राज्य भूमि विकास बैंकों और वाणिज्य बैंकों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं । यह समिति प्रशिक्षण से संबंधित सभी पहलुओं पर निगम को सलाह देगी । एक आन्तरिक दल कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को प्रशिक्षण पाठयक्रमों को तैयार करने में तथा कार्यक्रम का सामान्य मार्गदर्शन करने में उसका दिशा-निर्देशन करेगा ।

(क) वरिष्ट और माध्यमिक स्तर के कर्मचारियों का प्रशिक्षण

5.6 प्रशिक्षण पाठयक्रमों का श्रीगणेश पूना में आयोजित 'कृषि के लिए विकास बैंकिंग पर विचार गोष्ठी' से हुआ । इस विचार गोष्ठी में भूमि विकास बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और वाणिज्य बैंकों के कृषि वित्त विभागों के अध्यक्षों ने भाग लिया । भूमि विकास बैंकों, वाणिज्य बैंकों और दिलचस्पी रखने वाली अन्य संस्थाओं के वरिष्ठ और माध्यमिक स्तर के अधिकारियों के लिये पूना स्थित कृषि बैंकिंग महाविद्यालय में एक कृषि परियोजना पाठयक्रम की व्यवस्था की गई है । यह पाठ्यक्रम 4 सप्ताह का है । इसके अंतर्गत अब तक, 10 कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं जिनसे 305 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए । इनमें से 109 प्रशिक्षणार्थी भूमि विकास बैंकों, 117 प्रशिक्षणार्थी वाणिज्य बैंकों और शेष प्रशिक्षणार्थी दिलचस्पी रखनेवाली अन्य संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते थे । आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत पूना और अन्य सुविधाजनक केन्द्रों में 30 पाठयक्रमों का आयोजन किया जायेगा । इन पाठयक्रमों के स्वरूप में इस प्रकार की विविधता रखी जायेगी कि वे तकनीकी और गैर-तकनीकी अधिकारियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो सकें । ऐसा अनुमान है कि 1975-76 की दो वर्षों की अवधि में 1300 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा जिनमें से लगभग 750 अधिकारी भूमि विकास बैंकों के होंगे ।

(ख) भूमि विकास बैंकों के कनिष्ट स्तरीय कर्मचारी

5.7 कृषि पुनर्वित्त निगम की ऋण परियोजना के अंग के रूप में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा, कनिष्ट स्तरीय कर्मचारियों की अनुकूलन आवश्यकताओं के मूल्यांकन के लिये मुख्यतः राज्य भूमि विकास बैंकों की सहायता से एक अध्ययन का आयोजन किया गया । इस विषय से संबंधित एक रिपोर्ट भारत सरकार और अंवि संघ को प्रस्तुत कर दी गई है । इस अध्ययन के अनुसार, भूमि विकास बैंकों के लगभग 18,000 कनिष्ठ कर्मचारियों के अनुकूलन की आवश्यकता है । इनमें से क्रांतिक वर्ग में आने वाले कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या 9,000 होगी जिन्हें दो वर्षों की अवधि में इन कार्यक्रमों द्वारा प्रशिक्षित करना है इन पाठयक्रमों में किसी संस्था के परिप्रेक्षय और उसके कार्यक्षेत्र तथा कर्मचारियों की क्षमताओं को देखते हुए कर्मचारियों के कार्य-प्रशिक्षण पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जायेगा । यह इरादा नहीं है कि अलग-अलग प्रशिक्षण संस्थाएं

की स्थापना करके देश में पहले से ही कार्यरत प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के साथ होड़ लगाई जाए । ये विशिष्ट पाठयक्रम कृषि पुनर्वित और विकास निगम के सर्वोपरि पर्यवेक्षण में भूमि विकास बैंक द्वारा आयोजित किये जायेंगे तथा राज्य में पहले से ही विद्यमान वास्तविक सुविधाओं का यथासंभव उपयोग किया जायेगा । निगम ने 4 सप्ताह के ऐसे पाठयक्रमों का प्रस्ताव रखा है जिनको इस प्रकार से तैयार किया गया है कि वे उन तीन स्थूल वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके जिनके अंतर्गत कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारी आते हैं । 1976-77 में कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारियों के लिये ऐसे लगभग 160 पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव रखा गया है तथा आगामी वर्ष के लिए 135 पाठयक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है । अगस्त 1976 से प्रारंभ होनेवाले कनिष्ठ स्तरीय पाठक्रम के संचालन का मार्गदर्शन करने के लिये निगम में एक कर्णधार दल का गठन किया गया है । जो प्रशिक्षक भूमि विकास बैंकों के प्रशिक्षण कर्मचारियों के लिये इन पाठयक्रमों का संचालन करेंगे उनके लिये "प्रशिक्षकों की कार्य गोष्ठी" का आयोजन रिजर्व बैंक स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय मद्रास में किया गया है । कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि उन्हें क्षेत्रीय/स्थानीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाए । राज्य भूमि विकास बैंकों के भीतर ही आवश्यक कुशल व्यक्तियों का विकास करने के प्रयत्न किये जायेंगे ताकि विशिष्ट प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए एक केन्द्रक-आधार का निर्माण किया जा सके ।

5.8 इस वर्ष के दौरान, कृषि पुनर्वित और विकास निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी को वाशिंटन स्थित आर्थिक विकास संस्थान द्वारा आयोजित ग्रामीण ऋण परियोजना पाठयक्रम में एक प्रेक्षक के रूप में भेजा गया । कोलंबो योजना के अन्तर्गत ब्रेडफोर्ड विश्वविद्यालय में विकास बैंकों के लिये परियोजना आयोजन और मूल्यांकन पाठयक्रम में भाग लेने के लिये एक अधिकारी को भेजा गया ।

भावी स्वरूप

1973-74 में, निगम ने समवेत योजना की प्रक्रिया के अंग के रूप में पांचवीं योजना के दौरान 900 करोड़ रुपयों के आधार कार्यक्रमों का प्रस्ताव रखा था; समय-समय पर कार्य-संपादन बजट बनाने के जो प्रयत्न किये गये उनके परिणाम-स्वरूप इस कार्यक्रम की उपलब्धियों और संभावनाओं के आधार पर समीक्षा की गयी । उसके अनुसार 120 करोड़ रुपयों की प्रत्याशित उपलब्धियों की तुलना में 1974-75 के दौरान 106 करोड़ रुपयों की उपलब्धि हुई । अतएव, योजना आयोग और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के विभिन्न विभागों से परामर्श करने के बाद इस कार्यक्रम की समीक्षा की गयी । जहां पांचवी योजना के पांच वर्षों में समग्र कार्यक्रम को 900 करोड़ रुपयों पर ज्यों का त्यों बनाये रखा गया वहां 1975-76 के कार्यक्रम का अनुमानित परिव्यय 140 करोड़ रुपये आंका गया । वित्तीय वर्ष (155 करोड़ रु०) और लेखा वर्ष (171 करोड़ रु०) दोनों ही के अनुसार कार्य-संपादन की जितनी आशा की गई थी वह उससे अधिक हुआ ।

संदर्श कार्यक्रम

6.2 आलोच्य वर्ष के दौरान वितरित राशि के उच्चतम स्तर को देखते हुए निगम ने यह अनुभव किया कि संदर्श उधार कार्यक्रमों में वितरण की जिस दर का उल्लेख किया गया है उसके स्तर में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है । तदनुसार पांचवीं योजना अवधि के दौरान पुनरीक्षित संदर्श उधार कार्यक्रम को अस्थायी रूप से नीचे लिखे अनुसार निर्धारित किया गया है (सारणी 10) ।

सारणी 10

संदर्भ कार्यक्रम

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष (अप्रैल मार्च)	मूल कार्यक्रम	पुनरीक्षित कार्यक्रम I	पुनरीक्षित कार्यक्रम II	वितरित पुनर्वित्त	
				वित्तीय वर्ष (अप्रैल—मार्च)	लेखा वर्ष (जुलाई—जून)
(1973-74)	(120)				
1974-5 . . .	150	101 (वास्तविक)	120	101	106
1975-6 . . .	180	140	140	155	171
1976-7 . . .	210	185	220		
1977-8 . . .	140	216	260		
1978-9 . . .	—	238	285		
	900	880	1025		

6.3 वितरणों की अधिक मात्रा से संबधित धारणा इस तथ्य पर आधारित है जहां एक ओर लघु सिंचाई एक महत्वपूर्ण प्रयोजन बना रहेगा, कमान क्षेत्रों में खेतों के ऊपरी विकास कार्यों, वाणिज्य वानिकी सहित बागानों, कृषि मशीनीकरण, भंडार आदि के लिए निधियों की मांग में निरन्तर वृद्धि होती रहेगी । राष्ट्रीय कृषि आयोग की सिफारिशों को पांचवी योजना के शेष वर्षों तथा छठी योजना में संभवत: विशिष्ट परियोजनाओं के रूप में अमल में लाया जायेगा । राष्ट्रीय कृषि आयोग ने अपनी सिफारिशों को लागू किये जाने के लिए बैंकिंग प्रणाली को ऋण प्रदान करने में यह परिकल्पना की है कि 1979 तक 1,750 करोड़ रुपयों के शुद्ध आवधिक ऋणों के लिये संस्थानिक वित्त प्रदान किया जाए । इस पर भी कृषि क्षेत्र के लक्ष्यों और उद्देश्यों की पूर्ति के लिये ऋण प्रदान करने में बैंकिंग प्रणाली की संबद्धता की स्थिति, पांचवीं योजना के प्रलेखों को अन्तिम रूप दिये जाने पर ही स्पष्ट होगी ।

6.4 विश्व बैंक द्वारा अब जो पूर्वी खाद्यान्न परियोजना तैयार की जा रही है उससे पूर्वी क्षेत्र की क्षमता का विकास किया जा सकेगा ताकि देश के खाद्यान्न उत्पादन में अध्ययन वृद्धि हो सके । इस संबंध में उड़ीसा से संबंधित रिपोर्ट का अध्ययन प्राय: समाप्त हो गया है तथा पश्चिम बंगाल, असम, बिहार और उत्तर प्रदेश का अध्ययन चल रहा है । उड़ीसा के कार्यक्रम के अंतर्गत भूमिगत जल और सतही जल स्रोतों के दोहन के अलावा कतिपय बड़ी और मझौली सिंचाई प्रणालियों, समेकित कमान क्षेत्र विकास, अनुसंधान और विस्तार व्यवस्था और उत्पादन वितरण की सुविधायें आयेंगी । इस राज्य के भूमिगत जल की क्षमता के अभिनिर्धारण और निवेश ऋण और उत्पादन ऋण की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से ऋण के पुनर्गठन से संबंधित योजना तैयार करने के कार्य में निगम विश्व बैंक दल के साथ सक्रिय रूप से संबद्ध रहा है । इसी प्रकार निगम अन्य राज्यों के अध्ययनों से भी संबद्ध रहा है । आगामी वर्षों में इस कार्यक्रम को मूर्तरूप दिये जाने पर इस क्षेत्र की निवेश क्षमता में वृद्धि होगी ।

6.5 पिछली रिपोर्ट में देश के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्रों के निवेशपूर्व सर्वेक्षण और सूअर पालन योजनाओं के तैयार किये जाने का उल्लेख किया गया था । यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यह सर्वेक्षण निगम द्वारा किया गया और ऐसे संकेत मिले हैं कि इसके फलस्वरूप ठोस प्रस्ताव सामने आ रहे हैं । त्रिपुरा ने लघु सिंचाई, रबड़ लगाने और बांस तथा अन्य कम बढ़ने वाली किस्मों को पैदा करने की योजनाएं तैयार कर ली हैं । मेघालय ने वाणिज्य वानिकी की एक परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली है जिसमें मुख्य रूप से देवदार और सागौन के वृक्ष लगाने पर अधिक बल दिया गया है । इस रिपोर्ट की अब जांच की जा रही है। इस क्षेत्र के राज्यों को अब कृषि निवेश के लिए सांस्थानिक ऋण की भूमिका के महत्व को भली-भांति समझने का अवसर मिला है । इसके परिणामस्वरूप, पिछले वर्षों में प्रारंभ किये गये संवर्धन प्रयत्नों को आगे जारी रखने का प्रस्ताव है ।

6.6 निगम से और अधिक सुविधायें प्राप्त करने की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए निगम अपने संगठन के स्वरूप और अपनी क्रियाविधियों पर नये सिरे से विचार कर रहा है । इस प्रयोजन के लिये निगम ने एक समीक्षा समिति स्थापित की है जो मोटे-तौर पर 1973 में गठित समीक्षा के आधार पर गठित की गई है । इस समीक्षा समिति से यह आशा की जाती है कि वह क्षेत्रीय कार्यालयों की भूमिका को पूर्वाभिमुख बनाए और साथ ही सरलीकृत क्रियाविधियां और पद्धतियां लागू करे ।

वित्त

1974-75 और 1975-76 के दो वर्षों के दौरान उधार कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की निधियों के प्रमुख स्रोत तथा 1971-72 से 1975-76 के पांच वर्षों के दौरान विभिन्न मदों की प्रवृत्तियां निम्नलिखित सारणी में दर्शाई गई हैं ।

सारणी 11

निधियों के स्मति

(करोड़ रुपयों में)

	1974–5	जोड़ का प्रतिशत	1975–6	जोड़ का प्रतिशत	जुलाई 1971–जून 1976	जोड़ का प्रतिशत
1 2	3	4	5	6	7	8
1. चुकता शेयर पूंजी और आरक्षित निधि/अधिशेष . . .	6.22	5.1	6.67	3.6	24.16	4.5
2. भारतीय रिजर्व बैंक की विशष जमा राशि	0.38	0.3	0.51	0.3	1.42	0.3
3. भारत सरकार से प्राप्त उधार						
(क) अंबि संघ की निधियां . .	33.12	2.1	53.47	29.1	170.45	31.9
	—	—	—	—	14.37	2.7

1	2	3	4	5	6	7	8
	(ख) अन्य						
4.	भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार						
	(क) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	40.00	32.8	6.00	32.7	158.00	29.5
		—	—	—	—	8.21	1.5
	(ख) अन्य	33.00	27 .1	38.50	20.9	118.25	22.1
5.	बांड						
6.	बैंकों द्वारा की गई चुकौतियां	9.27	7.6	24.59	13.4	40.01	7.5
		121.99	100.00	183.74	100.00	534.87	100.0

7.2 शेयर पूंजी

इस वर्ष के दौरान निगम ने 5 करोड़ रुपयों के चुकता मूल्य के शेयरों की पांचवीं सीरीज जारी की । इन शेयरों पर गारंटीकृत न्यूनतम वार्षिक लाभांश 6.25 प्रतिशत था । 30 जून 1976 को निगम की कुल चुकता पूंजी 25 करोड़ रुपये थी। 30 जून 1976 को निगम की शेयर पूंजी में शेयरधारियों के विभिन्न वर्गों के अंशदान नीचे दर्शाये गये अनुसार है।

सारणी-12

शेयर पूंजी में अंशदान-स्रोत

(करोड़ रुपयों में)

	शेयर संख्या	शेयर मूल्य	कुल से प्रतिशत
1. भारतीय रिजर्व बैंक	14126	14.13	56.52
2. केन्द्रीय भूमि विकास बैंक	4371	4.37	17.48
3. राज्य सहकारी बैंक	2057	2.06	8.24
4. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	4131	4.13	16.52
5. भारतीय जीवन बीमा निगम	293	0.29	1.16
6. अन्य बीमा और निवेश कंपनियां	22	0.02	0.08
	25000	25.00	100.00

7.3 कृषि पुनर्वित्त निगम अधिनियम, 1963 में हाल ही में किये गये संशोधन के अनुसार रिजर्व बैंक केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निगम की प्राधिकृत पूंजी की जो वर्तमान सीमा 25 करोड़ रुपये है उसे बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर सकता है। कृपुवि निगम ने अपनी प्राधिकृत पूंजी को 50 करोड़ रुपयों तक बढ़ाने की कारवाई पहले ही कर ली है।

भारत सरकार से लिये गये उधार

7.4 भारत सरकार से लिये गये उधारों की जो राशि आजकल विश्व बैंक के ऋणों के अधीन किये गये वितरणों तक सीमित कर दी गई है, वह 30 जून 1976 के अंत तक 250 करोड़ रुपये थी।

बाजार से लिये गये उधार

7.5 हाल ही के वर्षों में निगम ने अपने बढ़ते हुए कारोबार के वित्तपोषण के लिये साधन जुटाने के अंग के रूप में बाजार से भारी मात्रा में उधार लिये हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान कृपुवि निगम ने कुल मिलाकर 38.5 करोड़ रूपयों के बांडों की नौवीं और दसवीं सीरीज जारी की हैं। इन बांडों का इजरा मूल्य 99 रुपये है और इन पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिया जाएगा तथा वे 10 वर्षों में पूग जायेंगे। जून 1976 के अंत में कृपुवि के कुल बाजार उधारों की राशि 137.71 करोड़ रुपये थी। नीचे की सारणी में इस वर्ष जारी की गई दोनों सीरीज के लिए अभिदाताओं के विभिन्न वर्गों से प्राप्त राशियां तथा पिछली सीरीज के कुल अंशदान की राशियां दी गई हैं।

भारतीय रिजर्व से लिये गये उधार

7.6 भारतीय रिजर्व बैंक ने 1975-76 के दौरान प्रारंभ में राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि के अंतर्गत 40 करोड़ रुपयों की आहरण-सीमा मंजूर की और इस सीमा का पूरा उपयोग किया गया। जब जून 1976 में कृषि निगम के वितरणों में भारी वृद्धि हुई, रिजर्व बैंक ने 20 करोड़ रुपयों की अनुपूरक सीमा मंजूर की और इसका भी पूरा उपयोग कर लिया गया। पहले के ऋणों की अदायगी के लिए 9.8 करोड़ रुपयों की व्यवस्था करने के बाद रिजर्व बैंक को निगम द्वारा राशि जून 1976 के अंत में 138.4 करोड़ रुपये थी।

सारणी 13

बाड़ों में अभिदान

अभिदान	पहली से लेकर आठवीं सीरीज तक	नौवीं सीरीज	दसवीं सीरीज	कुल जोड़
1. भारतीय स्टेट बैंक	22.75	1.54	4.86	29.15
2. राष्ट्रीयकृत बैंक	44.46	4.25	7.85	56.56
3. अन्य वाणिज्य बैंक	6.13	1.06	1.54	8.73
4. भारतीय जीवन बीमा निगम	0.95	0.10	0.25	1.30
5. अन्य बीमा और निवेश कंपनियां	0.21	0.25	0.50	0.96
6. सहकारी बैंक	23.91	3.80	12.50	40.20
7. अन्य	0.80	—	(0.005)	0.80
जोड़	99.21	11.00	27.50	137.71

7.7 निगम भारतीय रिजर्व बैंक से अल्पावधि ऋणों के लिए 15 करोड़ रुपयों की सीमा का भी लाभ उठाता रहा है। इस लेखे के अधीन जून 1976 के अंत में 1.7 करोड़ रुपयों की राशि बकाया थी।

अदायगियां

7.8. 1975-76 के दौरान सदस्य बैंकों द्वारा की गई अदायगियों की राशि 24.59 करोड़ रुपये है जबकि पिछले वर्ष की यही राशि 9.27 करोड़ रुपये थी। 30 जून 1976 के अंत तक की गई 44.80 करोड़ रुपयों की कुल अदायगियों का एजेंसीवार विभाजन नीचे की सारणी में दिया गया है :

सारणी 14

पुनर्वित की अदायगियां

(करोड़ रुपयों में)

एजेंसी	अदायगियां		
	कृपुवि निगम की योजनाएं	अंवि संघ द्वारा सहायता की गई योजनाएं	जोड़
1. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	13.52	2.66	16.18
2. राज्य भूमि विकास बैंक	7.56	16.25	23.81
3. राज्य सहकारी बैंक	4.81	—	4.81
जोड़	25.89	18.91	44.80

7.9 अंवि संघ द्वारा सहायता की गई जिन परियोजनाओं में इन बैंकों द्वारा कृपुवि निगम को वार्षिक आधार पर अदायगियां की जानी हैं उनके अधीन भूमि विकास बैंकों की अधिकतर संबद्धता को दृष्टि से कृपुवि निगम को उत्तरोतर बढ़ी हुई मात्रा में निधियां प्राप्त हो रही हैं।

7.10 इस वर्ष के दौरान 5 ग्रामीण बैंकों नामत: जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड, गोरखपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गौर ग्रामीण बैंक, मालवा, हरियाणा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जयपुर नागौर आंचलिक ग्रामीण बैंक और संयुक्त क्षेत्रीय बैंक सहित 6 और बैंक निगम के सदस्य बन गये हैं। बेलगाम बैंक लिमिटेड और को-आपरेटिव फायर एण्ड जनरल इनश्योरेंस सोसाइटी लिमिटेड निगम के सदस्य नहीं रह गये हैं। इस प्रकार 30 जून 1976 को निगम की कुल सदस्य संख्या 114 है जबकि वह पिछले वर्ष 110 थी।

निदेशक बोर्ड

7.11 इस बार निदेशक बोर्ड की बैठकें 7 बार हुईं।

7.12 भारत सरकार ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1962 की धारा 10 (ग) के अधीन सर्वश्री ए० के० दत्त, टी पी० सिंह और एम० ए० कुरैशी के स्थान पर सर्वश्री के० पी० ए० मेनन, के० एस० नारंग और आई० जे० नायडू को नामित किया है।

7.13 श्री ए० के० दत्त, श्री० टी० पी० सिंह, और श्री एम० ए० कुरैशी द्वारा की गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए कृपुवि निगम उनके प्रति अपना हार्दिक आधार प्रकट करता है।

हिन्दी का प्रयोग

7.14 निगम के दैनिक कामकाज में हिन्दी के प्रयोग का प्रचार करने के लिए उसे भारतीय रिजर्व बैंक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति में प्रतिनिधित्व दिया गया है। हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिये जाते हैं। निगम की वार्षिक

रिपोर्ट हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में ही छापी जाती है । हिन्दी के प्रयोग का प्रचार करने के लिए और कर्मचारयर्यों को हिन्दी प्रशिक्षण की सुविधायें प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जो कदम उठाये गय हैं निगम उनसे स्वयं को संबद्ध करता आ रहा है ।

लाभ

7.15 1975-76 के दौरान निगम को विनियोजन के लिए प्राप्त शुद्ध लाभ की राशि 216.83 लाख रुपए है । यह राशि विशेष आरक्षित निधि में आयकर अधिनियम 1961 के अधीन अनुमत वर्तमान लाभों के 10 प्रतिशत के लिए 59.47 लाख रुपए की व्यवस्था करने के बाद बची है । निदेशक बोर्ड इस राशि को नीचे लिखे अनुसार विनियोजन करने की सिफारिश करता है :

	लाख रुपये
आरक्षित निधि को अंतरण . .	107.68
शेयरों पर लाभांश . .	109.14
	216.82

निदेशकों की ओर से
आर० के० हजारी
अध्यक्ष

21 अगस्त 1976

विवरणों की सूची

		पृष्ठ
1.	बायदों की तुलना में पुनर्वित्त प्राप्त करने की प्रवृत्ति	36
2.	1975–76 के दौरान स्वीकृतियां प्रयोजनवार	37
3.	1975–76 के दौरान स्वीकृतियां—क्षेत्रवार और राज्यवार	38
4.	1975–76 के दौरान स्वीकृतियां—एजेंसीवार	39
5.	30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का वितरण—प्रयोजनवार	39
6.	30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण	40
7.	30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का वितरण—एजेंसीवार	47
8.	कम विकसित क्षेत्रों/कम बैंक सुविधावाले राज्यों में योजनाओं की स्वीकृति और पुनर्वित्त का वितरण	47
9.	30 जून 1976 तक लघु कृषक/विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वाधान में स्वीकृत योजनाओं का वितरण	49
10.	अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की परियोजनायें—प्रयेक परियोजना का संक्षिप्त विवरण	52
11.	30 जून 1976 की अंपुवि बैंक/अंवि संघ की परियोजनाओं की स्थिति	59
12.	राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार 1975–76 के दौरान किए गए वितरण	65
13.	30 जून 1976 को विचाराधीन परियोजनायें	70
14.	30 जून, 1976 को शेयरधारियों की सूची	71

व्याख्यात्मक टिप्पणियां

1. राशियों का निकटतम लाख रुपयों में पूर्णांकन कर दिया गया है ।
2. विवरणों में निम्नलिखित चिन्हों/संक्षिप्त नामों का उपयोग किया गया है ।

चिन्ह

@अद्यतन उपलब्ध आंकड़े
--शून्य या नगण्य

संक्षिप्त नाम

एजेंसी

1. राभूवि बैंक—राज्य भूमि विकास बैंक
2. अवा बैंक—अनुसूचित वाणिज्य बैंक
3. रास बैंक—राज्य सहकारी बैंक

परियोजना : लसि—लघु सिंचाई
भूवि—भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण
कृम—कृषि मशीनीकरण
बान/वानी—बागान/बागवानी/वानिकी
मुपा/भेपा —मुर्गी पालन/भेड़ पालन
मछ—मछली पालन
डेवि—डेरी विकास
भंबा—भण्डार/बाजार केन्द्र
कृवि—कृषि विमानन

विवरण 1

वायदों की तुलना में पुनर्वित्त प्राप्त करने की प्रवृत्ति

लाख रुपये

वर्ष (जुलाई जून)	प्रत्येक वर्ष के अंत में स्वीकृत योजनाओं की संख्या	प्रावस्थाक्रम के अनुसार कृपुवि निगम के वायदे		वितरण		वितरित राशियों का वायदे से प्रतिशत	
		वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक	वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक	वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक
1963–64 . .	3	—	—	—	—	—	—
1964–65 . .	13	447	447	45	45	10.1	10.1
1965–66 . .	36	828	873	445	490	53.7	56.1
1966–67 . .	42	940	1430	208	698	22.1	48.8
1967–68 . .	128	1850	2548	567	1265	13.6	49.6
1968–69 . .	233	4594	5859	1784	3049	38.8	52.0
1969–70 . .	371	6166	9215	2860	5909	46.4	64.1
1970–71 . .	458	6658	12567	3062	8971	46.0	71.4
1971–72 . .	711	8633	17604	3498	12469	40.5	70.8
1972–73 . .	923	16671	29140	9414	21883	56.5	75.1
1973–74 . .	1457	18820	43556	9784	31667	52.0	72.7
1974–75 . .	2053	18754	60873	10640	42307	56.8	69.5
1975–76 . .	2905	29652	84778	17115	59420	57.7	70.1

विवरण 2

1975–76 के दौरान स्वीकृतियाँ—प्रयोजनवार

लाख रुपये

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे
लघु सिंचाई	410	18683	16681	2002
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण . . .	16	2750	2184	566
कृषि मशीनीकरण	264	10486	7950	2536
बागान और बागवानी	37	1089	738	351
मुर्गी पालन और भेड़पालन . . .	25	124	98	26
मछली पालन	31	656	517	139
डेरी विकास	84	925	760	165
भण्डार और बाजार केन्द्र . . .	41	916	758	158
अन्य	1	7	5	2
जोड़ . .	909	35636	29691	5945

विवरण-3

1975-76 के दौरान स्वीकृतियां—क्षेत्रवार और राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे
I. उत्तरी क्षेत्र				
दिल्ली	4	48	46	2
हरियाणा	27	2464	2097	367
हिमाचल प्रदेश	2	27	24	3
जम्मू और कश्मीर	2	23	19	4
पंजाब	34	4025	3051	974
राजस्थान	57	4100	3353	747
	126	10687	8590	2097
II. उत्तर–पूर्वी क्षेत्र				
असम	3	99	90	9
मणिपुर	1	41	37	4
त्रिपुरा	3	23	21	2
	7	163	148	15
III. पूर्वी क्षेत्र				
बिहार	36	2606	2313	293
उड़ीसा	53	1063	985	78
पश्चिम बंगाल	31	1104	997	107
	120	4773	4295	478
IV. मध्य क्षेत्र				
मध्य प्रदेश	102	1471	1242	229
उत्तर प्रदेश	108	4888	4172	716
	210	6359	5414	945
V. पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	7	46	36	10
गुजरात	20	464	364	100
महाराष्ट्र	193	3665	3180	485
	220	4175	3580	595
VI. दक्षिणी क्षेत्र				
आंध्र प्रदेश	91	5219	4441	778
कर्नाटक	77	1999	1534	465
केरल	9	107	88	19
पाण्डिचेरी	1	25	19	6
तमिलनाडु	48	2129	1582	547
	226	9479	7664	1815
कुल जोड़ (I से VI तक)	909	35636	29691	5945

विवरण 4

1975–76 के दौरान स्वीकृतियाँ - एजेंसी वार

लाख रुपये

एजेंसी	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि/निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों से वायदे
राज्य भूमि विकास बैंक	256	20657 (58.0)	17662 (59.5)	2995
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	650	14875 (41.7)	11945 (40.2)	2930
राज्य सहकारी बैंक	3	104 (0.3)	84 (0.3)	20
जोड़	909	35636 (100.0)	29691 (100.0)	5945

विवरण 5

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का वितरण - प्रयोजनवार

लाख रुपये

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे	वितरण
लघु सिंचाई	1537	91538	81879	9659	44602
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण	106	10045	7920	2125	3495
कृषि मशीनीकरण	489	16790	12869	3921	6504
बागान/बागवानी/वानिकी	296	6222	4776	1446	1636
मुर्गी पालन/भेड़ पालन	74	421	353	68	164
मछली पालन	121	2055	1579	476	707
डेरी विकास	195	2991	2461	530	593
भण्डार और बाजार केन्द्र	85	3254	2868	386	1702
कृषि विमानन	2	23	17	6	17
जोड़	2905	133339	114722	18617	59420

विवरण 6

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्राकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे				
					जोड़	प्रावस्थाकरण		वितरण	
						1975–76 तक	1975–76 के दौरान	1975–76 के दौरान	30 जून 1976 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1 उत्तरी क्षेत्र									
दिल्ली	2	कृम	3	120	101	67	36	28	45
		मुपा	1	20	16	16	—	—	—
		डेवि	4	47	46	40	24	—	2
	3	मुपा	1	12	12	12	—	—	6
			9	199	175	135	60	28	53
हरियाणा	1	लसि	36	6220	5599	3932	1344	467	3125
		भू वि	2	234	194	194	88	10	30
		कृ म	2	558	419	419	—	234	445
		बान/बानी	2	54	40	40	—	—	30
		डे वि	1	51	38	14	14	—	—
	2	ल सि	43	2596	2121	1722	282	445	1230
		कृ म	21	824	620	514	112	408	567
		मु पा	2	18	17	13	7	1	3
		डे वि	9	332	290	193	115	4	33
	3	डे वि	2	130	108	108	—	—	15
		भां बा	3	243	243	243	—	—	243
			123	11260	9689	7392	1962	1569	5721
हिमाचल प्रदेश	1	बान/बानी	1	37	28	18	8	3	11
	2	कृ म	1	14	11	11	11	11	11
		मु पा	1	6	6	4	4	—	—
		डे वि	2	16	16	11	8	2	2
			5	73	61	44	31	16	24
जम्मू और कश्मीर	1	भू वि	1	8	7	7	4	—	—
		कृ म	1	34	26	12	12	10	10
		बान/बानी	3	130	97	92	2	7	78
	2	कृ म	1	16	12	7	7	—	—
		ड वि	1	7	7	1	1	—	—
			7	195	149	119	26	17	88

विवरण 6—(जारी)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार विवरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे			वितरण	
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
पंजाब	1	ल सिं	31	3090	2801	2650	28	59	2442
		भू वि	12	686	553	430	141	71	283
		कृ म	3	1310	983	982	862	314	428
		बान/वानी	2	187	140	140	13	—	—
	2	ल सिं	12	967	777	578	233	74	307
		भू वि	1	30	24	8	5	—	—
		कृ म	36	2900	2174	2084	1964	760	877
		मु पा	1	1	1	1	—	—	—
		डे वि	13	190	177	118	57	13	51
		भां बा	1	122	97	97	—	—	47
	3	कृ म	1	18	16	16	16	15	15
		डे वि	4	107	89	89	—	—	—
		भां बा	4	747	730	730	—	—	651
जोड़			121	10355	8562	7923	3319	1306	5056
6. राजस्थान	1	ल सिं	66	3227	2950	1758	629	272	1023
		भू वि	5	481	360	263	14	2	13
		बान/वानी	1	39	29	23	3	2	14
	2	ल सिं	14	495	396	295	121	61	210
		भू वि	6	2613	2090	153	153	15	15
		कृ म	15	483	368	224	171	150	186
		मु पा	1	5	4	4	2	—	—
		डे वि	5	99	80	6	6	4	4
		भां बा	12	363	291	184	88	30	83
			125	7805	6568	2910	1187	536	1548
कुल जोड़			390	29887	25204	18523	6585	3472	12490
II. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र									
असम	1	बान/वानी	1	5	4	2	1	—	—
	2	ल सिं	4	182	168	55	55	4	4
		कृ म	1	3	3	1	1	—	—
		बान/वानी	9	178	154	144	10	—	413
		डे वि	1	12	12	2	2	1	1
		भां बा	1	12	11	11	11	—	—
	3	बान/वानी	1	6	6	6	—	—	—
			18	398	358	221	80	5	139

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार विवरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे				
					जोड़	प्रावस्थाकरण		वितरण	
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
मणिपुर	2	कृ म	1	41	37	11	11	5	5
मेघालय	2	मृ पा	2	5	5	—	—	—	—
नागालैण्ड	3	भू वि	1	30	30	30	22	2	10
त्रिपुरा	2	ल सिं	2	18	16	—	—	—	—
		बान/बानी	1	5	5	1	1	1	1
			3	23	21	1	1	1	1
			25	497	451	263	114	13	155
III पूर्वी क्षेत्र									
बिहार	1	ल सिं	13	3813	3432	2366	902	591	1981
		भू वि	1	112	83	83	—	—	83
		कृ म	2	142	128	40	40	—	—
		बान/बानी	1	14	11	3	2	1	1
	2	ल सिं	42	3693	3298	2428	1721	404	644
		कृ म	10	352	309	207	75	108	241
		वा	3	166	117	36	36	—	—
		भां न्ना	20	535	479	399	223	204	289
	3	डे वि	2	70	53	53	21	10	10
			94	8897	7910	5615	3020	1318	3249
उड़ीसा	1	ल सिं	13	1554	1423	522	363	87	116
		भू वि	5	85	65	52	20	4	27
		कृ म	1	80	60	50	20	4	12
		बान/बानी	8	244	192	140	30	6	47
	2	ल सिं	72	2007	1846	1244	1148	228	254
		भू वि	3	92	77	60	27	2	9
		कृ म	1	25	20	14	6	7	8
		बान/बानी	3	86	73	34	13	—	2
		म छ	1	39	35	7	7	—	—
		डे वि	1	9	8	3	1	—	—
		म छ	1	39	35	7	7	—	—
		डे वि	1	19	19	11	5	—	—
			110	4279	3853	2144	1647	338	475

विवरण 6—(जारी)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे जोड़	प्रावस्थाकरण 1975-76 तक	1975-76 के दौरान	वितरण 1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
पश्चिम बंगाल	1	ल सिं	30	1211	1096	480	324	129	171
		कृ म	1	28	26	5	5	—	—
		बान/वानी	6	48	44	24	11	—	4
	2	ल सिं	11	143	129	91	41	4	41
		कृ म	5	86	77	47	28	19	25
		बान/वानी	3	28	24	24	9	6	23
		म छ	2	2	2	2	—	—	2
		ड वि	3	19	18	11	7	1	4
		भां बा	3	64	57	22	22	—	—
			64	1629	1473	706	447	159	270
			268	14805	13236	8465	5114	1815	3994
IV मध्य प्रदेश									
मध्य प्रदेश	1	ल सिं	85	6211	5601	5133	1753	924	2795
		भू वि	3	166	125	121	32	5	16
		कृ म	1	100	75	75	—	1	72
	2	ल सिं	120	3834	3425	3425	1784	826	1336
		कृ म	81	764	598	390	301	176	270
		डें वि	2	17	13	10	10	—	—
		भां बा	3	48	38	14	14	—	—
	3	भां बा	1	27	20	11	11	—	—
			296	11167	9895	9130	3905	1932	4489
उत्तर प्रदेश	1	ल सिं	130	15200	13754	9490	3193	1590	6305
		भू वि	3	58	45	9	9	—	—
		बान/वानी	8	182	137	84	31	15	17
	2	ल सिं	60	1565	1380	1276	599	338	583
		भू वि	3	942	686	678	3	30	164
		कृ म	137	3231	2511	1657	837	602	1089
		मे पा	1	3	2	2	2	—	—
		ड वि	10	209	173	138	52	15	47
		भां बा	2	42	34	19	19	8	8
	3	डे वि	2	64	48	48	—	—	—
		भां बा	1	155	155	155	—	—	150
			357	21651	18925	13556	4745	2598	8363
			653	32818	28820	22686	8650	4530	12852

विवरण 6—(जारी)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण (लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे				
					जोड़	प्रावस्थाकरण		वितरण	
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
V पश्चिमी क्षेत्र									
गोवा	2	ल सिं	1	5	3	3	—	—	3
		म छ	21	62	51	49	5	16	21
		म छ	1	40	30	26	26	7	7
	जोड़		23	107	84	78	31	23	31
गुजरात	1	ल सिं	51	6029	5427	5427	—	100	4414
		कृ म	1	351	263	263	—	—	233
		बान/बानी	2	29	22	22	—	—	22
	2	ल सिं	3	103	82	13	12	7	8
		कृ म	25	785	614	365	256	176	316
		म छ	1	11	9	7	3	7	7
		ड वि	11	307	257	122	86	36	114
		भां बा	2	37	28	17	6	7	17
	3	म छ	2	198	179	13	5	—	—
		भां वा	1	2	2	2	—	—	2
			99	7852	6883	6251	368	333	5133
महाराष्ट्र	1	ल सिं	148	8206	7357	3783	830	1128	4834
		भू वि	8	411	341	198	—	170	368
		कृ म	2	278	208	207	157	153	153
		बान/बानी	5	165	141	61	—	—	—
	2	ल सिं	244	2680	2141	1469	273	551	969
		कृ म	65	478	369	204	66	91	113
		बान/बानी	2	11	9	5	5	—	—
		म पा	9	36	27	27	4	4	27
		म छ	3	16	9	5	5	—	7
		डे वि	58	613	485	219	181	142	232
		भां वा	1	70	56	54	—	4	51
		कृ वि	1	7	5	5	5	5	5
	3	म छ	5	180	84	84	—	—	78
			551	13151	11232	6321	1526	2248	6837
			673	21110	18199	12650	1925	2604	12001

विवरण 6—(जारी)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण (लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे				
					जोड़	प्रावस्थाकरण		वितरण	
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
दक्षिण क्षेत्र									
आंध्र प्रदेश	1	ल सिं	119	7757	7047	4662	2687	780	3401
		भू वि	21	1864	1519	1478	44	24	1309
		कृ म	3	880	660	232	232	233	233
		बान/बानी	9	263	196	65	27	14	37
		भे पा	5	55	40	17	13	4	4
		म छ	1	268	201	—	—	—	—
		डे वि	11	215	161	18	18	19	19
	2	ल सिं	50	987	836	659	61	73	274
		भू वि	1	50	38	38	—	—	38
		कृ म	18	406	311	152	121	41	52
		बान/बानी	1	4	4	4	4	4	4
		मृ पा/भेपा	29	135	110	81	52	28	53
		डे वि	25	269	223	142	99	36	37
		म छ	1	58	39	39	39	39	39
			294	13211	11385	7587	3397	1295	5500
कर्नाटक	1	ल सिं	15	3792	3412	3412	—	871	3048
		भू वि	14	1143	864	864	96	39	532
		कृ म	3	642	482	460	460	307	307
		बान/बानी	32	1161	871	777	125	146	458
	2	ल सिं	26	432	389	367	47	52	91
		भू वि	5	89	67	67	3	—	—
		कृ म	34	922	694	610	394	407	469
		बान/बानी	92	472	388	281	59	13	149
		मृ पा/भेपा	15	48	40	34	6	8	27
		म छ	14	205	165	161	89	37	81
		ड वि	10	48	40	37	15	—	—
		भां बा	28	655	514	310	195	35	64
	3	बान/बानी	2	165	165	165	—	—	25
		म छ	2	208	143	143	—	—	137
		भं बा	2	132	113	71	—	31	97
			294	10114	8347	7759	1489	1946	5485

विवरण 6—(समाप्त)

30 जून 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण (लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	योजना का प्रकार	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृ पु वि निगम के वायदे				वितरण
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
केरल	1	ल सिं	3	86	77	49	3	—	47
		भू वि	4	86	65	64	14	8	21
		बान/वानी	21	698	523	191	74	55	194
	2	ल सिं	1	39	31	31	—	2	31
		भू वि	2	185	177	177	138	110	150
		कृ म	3	46	36	30	21	13	20
		बान/वानी	20	146	137	132	3	3	112
		म छ	39	69	55	55	1	8	36
		डे वि	5	36	23	23	10	1	2
	3	मु पा	1	22	22	11	11	—	—
		म छ	3	154	154	151	66	8	56
			102	1567	1300	914	341	208	669
पाण्डिचेरी	2	ल सिं	1	6	6	6	—	1	1
		डे वि	3	24	13	13	7	—	11
	3	म छ	2	47	34	26	11	3	15
			6	77	53	45	18	4	27
तमिलनाडु	1	कृ सिं	91	5390	4859	3842	971	750	4914
		भू वि	3	627	470	470	—	—	469
		कृ म	1	780	585	585	585	286	286
		बाग/वानी	17	967	725	314	121	14	132
	2	भ वि	2	53	40	4	—	—	3
		कृ म	9	93	73	67	67	16	16
		बाग/वानी	40	732	494	184	45	17	141
		मु पा	4	17	13	13	13	7	8
		म छ	20	355	280	226	160	118	175
		ड वि	9	81	64	57	29	4	9
		कृ वि	1	16	12	12	—	—	12
		भे पा	1	38	38	38	18	16	36
	3	मछ	2	104	74	74	10	—	46
			200	9253	7727	5886	2019	1228	6247
			896	34222	28812	22191	7264	4681	17928
जोड़ (I से IV तक)			2905	133339	114722	84778	29652	17115	59420

विवरण—7

30 जुन 1976 तक स्वीकृत योजनाओं का वितरण—एजेंसीवार

लाख रुपये

एजेंसी	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे	वितरण
राज्य भूमि विकास बैंक	1071	87742 (65.8)	77081 (67.2)	10661	44969
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1784	42582 (31.9)	35000 (30.5)	7582	12813
राज्य सहकारी बैंक	50	3015 (2.3)	2641 (2.3)	374	1638
	2905	133339 (100.0)	114722 (100.0)	18617	59420

विवरण—8

कम विकसित क्षेत्रों/कम बैंक सुविधा वाले राज्यों में योजनाओं की स्वीकृतियां और पुनर्वित्त का वितरण

लाख रुपये

	स्वीकृत योजनाए			वितरण	कुल वितरण का प्रतिशत
	योजनाओं की संख्या	वायदे	कुल वायदों का प्रतिशत		
	1	2	3	4	5
उत्तर प्रदेश					
1970-71 तक	32	2566	10.3	671	7.5
1971-72	33	2784	20.6	604	17.3
1972-73	26	1573	9.1	1143	12.1
1973-74 के दौरान	85	4012	18.2	1498	15.3
1974-75	75	3714	18.2	1849	17.3
1975-76	108	4172	14.1	2998	15.2
30-6-76 को	357	18925	16.5	8369	14.1
मध्य प्रदेश					
1970-71 तक	19	1709	6.9	170	1.9
1971-72	14	877	6.5	187	5.3
1972-73	18	1172	6.8	319	3.4
1973-74 के दौरान	122	5484	24.9	645	6.6
1974-75	38	795	3.9	1234	11.6
1975-76	102	1242	4.2	1932	11.3
30-6-1976 को	296	9895	8.6	4489	7.6

विवरण 8—(समाप्त)

कम विकसित क्षेत्रों/कम बैंक सुविधा वाले राज्य में योजनाओं की स्वीकृतियां और पुनर्वित्त का विवरण

लाख रुपये

	स्वीकृत योजनाएं			वितरण	कुल वितरण का प्रतिशत
	योजनाओं की संख्या	बायदे	कुल बायदों का प्रतिशत		
	1	2	3	4	5
बिहार					
1970-71 तक	8	1360	5.5	193	2.2
1971-72	1	100	0.7	67	1.9
1972-73	4	113	0.7	154	1.6
1973-74 के दौरान	16	2738	12.4	585	5.9
1974-75	28	2069	10.1	932	8.8
1975-76	36	2313	7.8	1318	7.7
30-6-76 को	94	7910	6.9	3249	5.5
उड़ीसा					
1971-72 तक	8	155	0.6	27	0.3
1971-72	2	80	0.6	8	0.2
1972-73	8	261	1.5	11	0.1
1973-74 के दौरान	5	792	3.6	8	0.1
1974-75	38	1684	8.2	82	0.8
1975-76	53	985	3.3	338	1.9
30-6-76 को	110	3853	3.4	475	0.8
राजस्थान					
1970-71 तक	11	697	2.8	161	1.8
1971-72	16	977	7.2	83	2.4
1972-73	5	507	2.9	136	1.4
1973-74 के दौरान	20	666	3.0	283	2.9
1974-75	16	851	4.2	350	3.3
1975-76	57	3353	11.3	536	3.3
30-6-76 को	125	6568	5.7	1548	2.6
पश्चिम बंगाल					
1970-71 तक	6	160	0.6	13	0.1
1971-72	4	30	0.2	5	0.1
1972-73	4	21	0.1	4	0.1
1973-74 के दौरान	12	247	1.1	22	0.2
1974-75	9	127	0.6	69	0.6
1975-76	31	997	3.4	159	0.9
30 6-76 को	64	1473	1.3	270	0.5
30 जून 1976 को कम विकसित क्षेत्रों/कम बैंक सुविधा वाले राज्यों का जोड़ (उपर्युक्त 6 राज्यों को शामिल करके)	1083	49285	40.1	18661	31.4
कुल राज्यों का जोड़	2905	114722	100.0	59420	100.0

*इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, असम, तथा अन्य उत्तर पूर्वी राज्य शामिल हैं ।

विवरण—9

30 जून 1976 तक लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वावधान में स्वीकृत योजनाओं का विवरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुनि निगम के वायदे			वितरण	
					कुल वायदे	प्रावस्थाकरण			
						1975-76 तक	1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	30 जून 1976 तक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1. उत्तरी क्षेत्र									
दिल्ली	वा बैंक	डे वि	4	47	46	40	23	—	2
हरियाणा	रा भू वि बैंक	भू वि	1	17	17	17	6	—	—
	वा बैंक	मु पा	1	11	11	4	4	1	3
		डे वि	3	98	98	64	36	7	23
हिमाचल प्रदेश	वा बैंक	मु पा	1	6	6	4	4	—	—
		डे वि	2	17	16	11	8	8	4
जम्मू और कश्मीर	रा भू वि बैंक	भू वि	1	6	6	6	4	—	—
	वा बैंक	डे वि	1	7	7	1	1	—	—
पंजाब	रा भू वि बैंक	ल सि	4	179	179	179	—	7	117
	वा बैंक	डे वि	12	158	153	96	57	13	29
		मु पा	1	1	1	—	—	—	—
राजस्थान	रा भू वि बैंक	ल सि	10	621	604	526	205	111	315
			41	1168	1144	948	348	143	493
2. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र									
असम	वा बैंक	ल सि	4	114	106	37	37	3	3
		ड वि	1	15	13	2	2	1	1
मेघालय	वा बैंक	मु पा	2	5	5	—	—	—	—
त्रिपुरा	वा बैंक	ल सि	2	17	15	—	—	—	—
			9	151	139	39	39	4	4
3. पूर्वी क्षेत्र									
बिहार	वा बैंक	ल सि	1	61	56	42	29	19	19
उड़ीसा	रा भू वि बैंक	ल सि	3	242	242	112	72	—	5
	वा बैंक	ल सि	2	397	397	158	99	—	12
		भू वि	1	16	16	16	16	2	3
		बान/बानी	2	14	15	1	1	—	—
		डे वि	1	5	5	2	1	—	—
	रा स बैंक	डे वि	1	16	16	9	5	—	—
पश्चिम बंगाल	रा भू वि बैंक	ल सि	5	106	101	62	36	19	35
	वा बैंक	बान/बानी	3	21	21	9	5	—	—
		ल सि	4	51	47	21	6	3	13
		डे वि	2	15	15	8	6	1	4
			25	944	930	440	276	44	91

विवरण 9—(जारी)

30 जून तक लघु कृषक विकास/सीमांत कृषक और कृषि श्रमिक एजेंसियों के तत्वावधान में स्वीकृत योजनाओं का विवरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषु निगम के वायदे			वितरण	
					कुल वायदे	प्रावस्थाकरण 1975-76 तक	प्रावस्थाकरण 1975-76 के दौरान	1975-76 के दौरान	जून 30 1976 तक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
4. मध्य क्षेत्र									
मध्य प्रदेश	रा भू वि बैंक	ल सि	7	242	242	218	54	—	80
	वा बैंक	ल सि	2	24	21	21	21	—	—
		डे वि	1	11	8	8	8	—	—
उत्तर प्रदेश	रा भू वि बैंक	ल सि	7	734	734	734	118	32	557
	वा बैंक	ल सि	2	21	20	14	4	1	2
		डे वि	3	37	35	31	28	8	8
			22	1069	1060	1026	233	41	647
5. पश्चिमी क्षेत्र									
गुजरात	वा बैंक	ड वि	9	58	57	31	19	16	23
महाराष्ट्र	रा भू वि बैंक	ल सि	9	100	96	96	—	33	42
	वा बैंक	ल सि	2	11	11	4	4	—	—
		डे वि	3	9	9	9	4	1	3
			23	178	173	140	27	50	68
6. दक्षिणी क्षेत्र									
आंध्र प्रदेश	रा भू वि बैंक	ल सि	10	715	709	425	349	147	253
	वा बैंक	ल सि	1	18	18	10	7	3	5
		बान/बानी	1	4	4	4	4	4	4
		पु पा	1	2	2	1	1	—	—
		भ पा	2	19	19	9	9	10	10
		ड वि	5	60	58	44	27	8	8
कर्नाटक	रा भू वि बैंक	ल सि	3	484	484	464	19	100	344
	वा बैंक	ल सि	2	54	53	37	16	—	—
		भे पा	1	4	4	3	1	—	—
केरल	वा बैंक	म छ	1	2	1	1	1	—	—
		ड वि	3	29	27	19	12	—	—
	रा स बैंक	मु पा	1	22	21	11	11	—	—
पाण्डिचेरी	वा बैंक	डे वि	1	9	6	6	—	—	6
